CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति " ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद

उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।



संजीवनी आयुर्वेदिक

न्यू बस स्टैण्ड, न्यू अंसारी होटल के बाजू से हाऊसिंग बोर्ड काम्पलेक्स, शॉप नं. U/82, राजनांदगांव (छ.ग.)

मो.नं.- 7566609039 हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

वर्ष - 44 अंक - 299 राजनांदगांव, गुरूवार 18 सितम्बर 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# ईवीएम में पहली बार उम्मीदवारों की होगी रंगीन फोटो, चुनाव आयोग ने जारी की नई गाइड लाइन

नई दिल्ली। बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बैलट पेपर में पहली बार उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें शामिल की जाएंगी। चुनाव आयोग ने इसके लिए नई गाइडलाइन जारी की है, जिसकी शुरुआत बिहार से होगी। इस कदम का उद्देश्य मतदाताओं के लिए उम्मीदवारों की पहचान को और आसान बनाना है।



### नई गाइडलाइन के प्रमुख बिंदु

चुनाव आयोग के नए दिशानिर्देशों के अनुसार, ईवीएम के बैलट पेपर पर उम्मीदवारों के नाम और चुनाव चिह्न के साथ उनकी रंगीन तस्वीरें भी प्रदर्शित होंगी। इसके अलावा, बैलट पेपर पर सीरियल नंबर को अधिक स्पष्ट और पढ़ने योग्य बनाया जाएगा। यह बदलाव मतदाताओं को उनके पसंदीदा उम्मीदवार को आसानी से चुनने में मदद करेगा, खासकर उन क्षेत्रों में जहां साक्षरता दर कम है।

### तीन-चौथाई हिस्से पर होगी रंगीन फोटो

चुनाव आयोग ने कहा कि ईवीएम में उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें हैं, जिसकी शुरुआत बिहार विधानसभा चुनावों से हुई है। बेहतर दृश्यता के लिए, उम्मीदवार का चेहरा तस्वीर के तीन-चौथाई हिस्से पर रहेगा। चुनाव आयोग ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा है कि भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## देशभर में होगा SIR : दस्तावेजों की अनिवार्यता होगी कम, 2 लाख नए बीएलओ होंगे तैनात

नई दिल्ली। भारत चुनाव आयोग ने देशव्यापी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार, 17 सितंबर को आयोग ने बताया कि 2003-2004 से पहले के मतदाताओं को दस्तावेज देने की जरूरत नहीं होगी। क्योंकि उनके नाम पिछली संशोधित वोटर लिस्ट में दर्ज हैं। आयोग का यह कदम मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया को आसान बनाने और व्यापक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



SIR के लिए हर राज्य में आधार वर्ष अलग होगा। उदाहरण के लिए बिहार में 2003 की मतदाता सूची को आधार बनाया गया है। यहां 60 प्रतिशत यानी लगभग 4.96 करोड़ वोटरों को दस्तावेज दिखाने की जरूरत नहीं पड़ी। इसी तरह दिल्ली में पिछली समीक्षा 2008 में और उत्तराखंड में 2006 में हुई थी। असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर में 2005 में गहन समीक्षा हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चुनाव आयोग ने पहली बार डिक्लेरेशन फॉर्म लागू किया है। जिन वोटर्स का जन्म 1 जुलाई 1987 से पहले हुआ है, उन्हें सिर्फ शपथ-पत्र देना होगा। जबकि, जिन लोगों का जन्म 1 जुलाई 1987 से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# धार की धरती से पीएम मोदी का देश को संदेश- गर्व से कहो स्वदेशी हैं, दुकानों पर लगाएं इसका बोर्ड

धार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने जन्मदिन पर मध्य प्रदेश के दौरे पर रहे। उन्होंने प्रदेश के धार जिले के बदनावर तहसील के भैंसोला गांव में पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखी। इसके अलावा कई अन्य योजनाओं की सौगात भी प्रदेश की जनता को दी।



करीब 40 मिनट के भाषण में पीएम मोदी ने आतंकवाद, पाकिस्तान, स्वास्थ्य, विकास, गरीबी और स्वदेशी पर बात की। पीएम मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी पर गर्व करने और उसे अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि देशवासी जो भी खरीदें वो देश में ही बना होना चाहिए। जो खरीदें, उसमें किसी न किसी हिंदुस्तानी का पसीना होना चाहिए। उसमें हिंदुस्तान की मिट्टी की खुशबू होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे 2047 विकसित भारत बनाना है, जिसका रास्ता आत्मनिर्भर भारत से जाता है। उन्होंने गर्व से कहो, ये स्वदेशी है का नारा भी लोगों से लगवाया। पीएम मोदी ने कौशल और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर उन्हें नमन कर अपने संबोधन की शुरुआत की। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने पाकिस्तान और आतंकवाद पर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि ये नया भारत है, ये किसी की परमाणु धमकियों से नहीं डरता है। ये नया भारत, घर में घुसकर मारता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से आए आतंकियों ने हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था। हमने ऑपरेशन सिंदूर करके आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया। हमारे वीर जवानों ने पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। अभी कल ही देश और दुनिया ने देखा है, फिर एक पाकिस्तानी आतंकी ने रो-रो कर अपना हाल बताया। पीएम मोदी ने कहा कि मां भारती से बड़ा कुछ नहीं है। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने सबकुछ देश के लिए समर्पित कर दिया था। वे बस यही चाहते थे कि हमारा देश गुलामी की जंजीरों को तोड़कर आगे बढ़े। इसी प्रेरणा से हमने विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। विकसित भारत की यात्रा के चार स्तंभ हैं। नारी शक्ति, गरीब, युवा और किसान। इस कार्यक्रम में चारों स्तंभों को मजबूती देने का काम हुआ है। ये कार्यक्रम धार में हो रहा है (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# देश के लिए त्याग, तपस्या और सर्वस्व समर्पण का नाम हैं नरेंद्र मोदी : अमित शाह

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उनके नेतृत्व, त्याग और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश के लिए त्याग, तपस्या और सर्वस्व समर्पण का नाम नरेंद्र मोदी है। उन्होंने पीएम मोदी की पांच दशक से अधिक की राष्ट्रसेवा, वैश्विक नेतृत्व और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनके योगदान को रेखांकित किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट किया।



प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने लिखा, त्याग और समर्पण के प्रतीक, करोड़ों देशवासियों की प्रेरणा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 75वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। सामाजिक जीवन में पांच दशक से अधिक समय से देशवासियों के कल्याण के लिए बिना रुके, बिना थके अनवरत कार्य करने वाले पीएम मोदी हर एक देशवासी के लिए 'राष्ट्र प्रथम' की जीवंत प्रेरणा हैं। उन्होंने पीएम मोदी की जीवन यात्रा को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि संघ से संगठन और सरकार तक, मोदी जी की जीवन यात्रा बताती है कि जब निश्चय हिमालय के समान अडिग और दृष्टि समुद्र के समान विशाल हो, तो कितने व्यापक परिवर्तन संभव हैं। व्यवस्था में शुचिता, निर्णयों में दृढ़ता और नीतियों में स्पष्टता लाने वाले मोदी जी ने शासन के केंद्र में वंचितों, पिछड़ों, गरीबों, महिलाओं और आदिवासियों को लाने का अविस्मरणीय कार्य किया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पायलट बोले-वोट चोरों को गद्दी छोड़नी पड़ेगी, भूपेश बघेल बोले-बिजली कटौती सांय-सांय, बिल आ रहा आंय-बांय

### दीपक बैज ने कहा - ये वोट चोरों की सरकार है

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की 'वोट चोर-गद्दी छोड़' यात्रा के दूसरे दिन बिलासपुर के बेलतरा में सचिन पायलट ने कहा कि जो लोग जिंदा हैं, उनको चुनाव आयोग ने मरा बता दिया। करोड़ों वोटर्स के नाम काट दिए। चुनाव आयोग के साथ मिलकर बीजेपी वोट चोरी कर रही है। बीजेपी वोट चोरी कर सत्ता में आई है। वहीं पायलट ने मुंगेली में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार सिर्फ नाम की है। वे धर्म और जाति के नाम पर लोगों को भड़काकर राजनीति कर रहे हैं। यही उनकी नीति है। वोट चुराकर सरकार बनाने वालों को गद्दी छोड़नी पड़ेगी। पायलट ने कहा कि हम हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं। दिल्ली में चुनाव आयोग को सौंपेंगे, जिसमें करोड़ों लोगों के हस्ताक्षर होंगे। वहीं उन्होंने कहा कि ईडी ने 5,000 से ज़्यादा मामले दर्ज किए हैं, लेकिन सिर्फ़ छह लोगों को ही दोषी ठहराया गया। बाकी भाजपा के इशारे पर डराने के लिए कार्रवाई की जा रही है।



वहीं मुंगेली में भूपेश बघेल ने कहा कि बिजली कटौती सांय-सांय और बिल आंय-बांय आ रहा है। किसान पंजीयन में गड़बड़ी हो रही है। विष्णुदेव को प्रदेश की जनता की कोई परवाह नहीं है, वे चैन की नींद सो रहे हैं। इसे कहते हैं वोट चुराकर जीतना। भाजपा सरकार में लोगों से वोट का अधिकार छीना जा रहा है। बैज ने कहा कि राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और बीजेपी के गठबंधन को बेनकाब किया। बीजेपी वोट चोरी कर सत्ता हासिल कर रही है, उसको बेनकाब करने आए हैं। वोट चोरों की सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# अबूझमाड़ में पांच महिला समेत 12 नक्सलियों ने किया सरेंडर, 18 लाख का घोषित था इनाम

रायपुर। छत्तीसगढ़ में लगातार नक्सल ऑपरेशन चलाये जाने से नक्सली भयभीत हैं। ऐसे में घबराये हुए नक्सली सरेंडर करने को मजबूर हैं। सुरक्षा बलों के बस्तर संभाग में सर्चिंग से नक्सली संगठन लगातार कमजोर होते जा रहा है। आज बुधवार को नारायणपुर पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पांच महिला सहित कुल 12 माओवादियों ने आज पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। इस दौरान बीएसएफ और आईटीबीपी के अधिकारी मौजूद रहे। सरेंडर किए सभी माओवादियों पर 18 लाख रुपये का इनाम घोषित था। अबूझमाड़ में नये कैंप की स्थापना और लगातार नक्सल विरोधी अभियान के चलने से माआवोदी बैकफुट पर हैं।




दूसरी ओर दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र में बीती रात नक्सलियों ने एक ग्रामीण की हत्या कर दी। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, मामले की जांच की जा रही है। मामले के बारे में बताया जा रहा है कि अरनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम निलावाया में बीती रात नक्सलियों की एक टीम ने गांव के बण्डी कोर्राम के घर पहुंच उसे बाहर निकालने के बाद धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद गांव में हड़कंप (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से पूछा - क्यों न कुछ किसानों को गिरफ्तार कर कड़ा संदेश दिया जाए?

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सर्दियों में वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को लेकर चिंता जाहिर करते हुए बुधवार को पंजाब सरकार से पूछा कि पराली जलाने वाले कुछ किसानों को गिरफ्तार क्यों न किया जाए ताकि सख्त संदेश दिया जा सके। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने सुनवाई करते हुए कहा, आप खुद फैसला लीजिए, नहीं तो हमें आदेश जारी करना पड़ेगा।



सुप्रीम कोर्ट की पीठ उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब के राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में रिक्त पदों को भरने से संबंधित एक स्व-प्रेरणा याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अदालत ने इन राज्यों को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को तीन महीने के भीतर रिक्त पदों को भरने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा से मुख्य न्यायाधीश ने सवाल किया कि पराली जलाने वाले किसानों को जेल भेजने और उन पर जुर्माना लगाने में हिचक क्यों हो रही है? सीजेआई ने कहा, किसान विशेष हैं और हम उनकी वजह से भोजन करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि पर्यावरण की रक्षा न हो। आप दंड के कुछ प्रावधानों के बारे में क्यों नहीं सोचते? अगर कुछ लोग सलाखों के पीछे जाएंगे, तो इससे सही संदेश जाएगा। आप किसानों के लिए दंड के कुछ प्रावधानों के बारे में क्यों नहीं सोचते? अगर पर्यावरण की रक्षा करने का आपका सच्चा इरादा है तो फिर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कांग्रेस को हटाना होगा प्रधानमंत्री मोदी की मां का एआई वीडियो

पटना। बिहार की पटना हाई कोर्ट से मंगलवार को कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने पार्टी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां हीराबेन का एआई -जेनरेटेड वीडियो हटाने को कहा है। यह आदेश कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश पीबी बजंत्री ने दिया है और पार्टी को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से वीडियो हटाने को कहा है। कांग्रेस के खिलाफ भाजपा दिल्ली चुनाव प्रकोष्ठ के संयोजक संकेत गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराई थी। वीडियो को 10 सितंबर को बिहार कांग्रेस इकाई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था, जो पूरी तरह एआई से बना है। इसमें प्रधानमंत्री मोदी अपनी दिवंगत मां हीराबेन के बारे में सपना देखते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो चुनावी राज्य बिहार में उनकी राजनीति को लेकर उनकी आलोचना कर रही हैं। एआई वीडियो में उनकी मां उनको राजनीति में उनका उपयोग न करने की नसीहत देते दिख रही हैं। इसको लेकर काफी हंगामा मचा था।



पटना हाईकोर्ट का आदेश

# सीएम विष्णुदेव ने पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' का किया शुभारंभ

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने आज बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर राजधानी रायपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज परिसर में स्वच्छता ही सेवा 2025 पखवाड़ा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने रायपुर नगर निगम और अन्य नगरीय निकायों की स्वच्छता को समर्पित डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



मुख्यमंत्री साय खुद हाथ में झाड़ू लेकर परिसर की साफ-सफाई की और आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के दौरान प्रदेशभर में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे और इसमें सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से युवाओं को इस अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता और स्वप्रेरणा से जुड़ाव समाज में सकारात्मक बदलाव लाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सदैव स्वच्छता की बात करते हैं और उन्होंने देश को स्वच्छ बनाने का बड़ा लक्ष्य रखा है। हमें इसे आगे बढ़ाने के लिए अपनी जिम्मेदारी प्राथमिकता से निभानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर उनके आजीविका मूलक कार्यों और गतिविधियों की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पीएम मोदी के जन्मदिवस पर स्वस्थ्य नारी-सशक्त परिवार योजना का देशव्यापी शुभारंभ

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर शुरू हुई स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान विकसित भारत की ठोस नींव साबित होगी- मुख्यमंत्री श्री साय

### मुख्यमंत्री और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हजारों महिलाओं के साथ वर्चुअली शामिल हुए

### प्रधानमंत्री मोदी ने 8वें राष्ट्रीय पोषण माह का भी किया शुभारंभ

रायपुर (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मध्यप्रदेश के धार जिले से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान और 8वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी भी आज राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि मंडपम से हजारों महिलाओं के साथ इस कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़कर इन अभियानों के शुभारंभ के साक्षी बने। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया और पोषण कैलेंडर का विमोचन किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि विकसित भारत की यात्रा नारी शक्ति, युवा शक्ति, गरीब और किसान, इन चार स्तंभों पर टिकी है और यह अभियान इस लक्ष्य को नई मजबूती देगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक देशभर में एक लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें टीबी, एनीमिया और कैंसर जैसी बीमारियों की मुफ्त जांच व दवाई उपलब्ध होगी। उन्होंने माताओं-बहनों से अपील की कि वे इन शिविरों में जरूर जाएं ताकि किसी भी महिला को जानकारी के अभाव में गंभीर बीमारी का सामना न करना पड़े। प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति राष्ट्र का मुख्य आधार है और मां के स्वस्थ होने से परिवार के साथ-साथ समाज भी सशक्त होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और पोषण अभियान की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि अब तक 4.5 करोड़ से अधिक महिलाओं को 19 हजार करोड़ रुपये की सहायता दी जा चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि आदिवासी समाज को सुरक्षित करने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# जन्मदिन पर मिली बधाईयों से पीएम मोदी अभिभूत; कहा- विकसित भारत के लिए अधिक ऊर्जा के साथ काम करूंगा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर दुनियाभर से बधाई संदेश मिले। कई देशों के नेताओं समेत जनता ने भी उनको जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके लंबे और सुखमय जीवन की कामना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने जन्मदिन पर मिले बधाई संदेशों से अभिभूत हुए। उन्होंने इसके लिए जनता का आभार जताया। साथ ही विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए अधिक ऊर्जा के साथ काम करने का संकल्प दोहराया। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि जनशक्ति का आभार। देश-विदेश से मुझे मिली अनगिनत शुभकामनाओं, आशीर्वादों और स्नेह संदेशों से मैं सचमुच अभिभूत हूं। यह स्नेह मुझे शक्ति और प्रेरणा देता है। इसके लिए मैं जनता का आभार व्यक्त करता हूं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)



### डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की बात, दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनको फोन करके बधाई दी है। दोनों नेताओं ने बातचीत के बाद जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की है, जिसमें विवादित मुद्दों को न उठाकर संयमित बातचीत का संकेत मिलता है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन युद्ध को लेकर ट्रंप के प्रयासों की सराहना की है, जिसका ट्रंप ने धन्यवाद कहा है। ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रूथ पर प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत के बाद लिखा, अभी-अभी मेरे मित्र, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक शानदार फोन कॉल हुई। मैंने उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं! वे बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। नरेंद्र, रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध समाप्त करने में आपके समर्थन के लिए धन्यवाद!



### रूस के राष्ट्रपति ने दी मोदी को जन्मदिन की बधाई

प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उनके फ़ोन कॉल और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, मेरे मित्र, राष्ट्र पति पुतिन, मेरे 75वें जन्मदिन पर आपके फ़ोन कॉल और हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद।

### ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने जन्मदिन की बधाई दी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर उनको सभी प्रमुख देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बधाई संदेश मिल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने उन्हें वीडियो जारी कर अलग अंदाज में बधाई संदेश भेजा है। उन्होंने मोदी को न केवल शुभकामनाएं दी, बल्कि देशों के बीच संबंधों पर गर्व जताया है और जल्द ही मिलने की बात भी कही है।

CMYK

## पहला कॉलम...

### लोगों को शराब पीने व पिलाने की सुविधा प्रदान करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में लोगों को अवैध रूप से शराब पीने व पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को धर दबोचा है और उनके खिलाफ धारा 34 सी आबकारी एक्ट के तहत् कार्रवाई की है। लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्ग दर्शन में बुधवार 17 सितंबर को मुखबीर से मोबाईल से सूचना मिलने पर कि थाना क्षेत्रांतर्गत आम लोगों को शराब पीने व पिलाने के लिए साधन उपलब्ध कराकर शराब पिला रहे है। इस पर अलग अलग जगह में रेड कार्यवाही कर आरोपी यदु साहू पिता दिलिप साहू 46 साल निवासी ट्रांसपोर्ट नगर पेंड्री व रामसाय पिता फगुआ चंद्रवंशी 26 साल निवासी ग्राम बरगा के विरूद्ध गवाहों के समक्ष धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। इस सम्पूर्ण कार्यवाही में निरी. राजेश साहू, सउनि ए.पी शीला, आर. राजकुमार बंजारा, आर. कमल किशोर यादव की भूमिका सराहनीय रही है।

### देवांगन भवन में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। शहर के शंकरपुर वार्ड में देवांगन समाज द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बीपी, शुगर, हृदय रोग सहित अन्य रोगों की जांच कर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने परामर्श दिया। शहर के शंकरपुर स्थित देवांगन भवन में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एच.एल मोतीरमानी एवं डॉ. गौरव जैन ने अपनी सेवाएं दी। स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के उद्देश्य को लेकर देवांगन समाज के वार्ड इकाई अध्यक्ष डॉ. चंचल देवांगन में कहा कि बीपी, शुगर के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। इनमें से कई मरीजों को पता ही नहीं होता कि उन्हें बीपी शुगर जैसी समस्या है। समय पर लोगों को उनकी बीमारियों का पता लगे और उसके उचित उपचार को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। देवांगन समाज द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर में सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर लोगों ने अपना बीपी, शुगर और हृदय संबंधी निःशुल्क जांच कराई। इस अवसर पर देवांगन समाज के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### विश्वकर्मा जयंती : टांकाघर में प्रतिमा स्थापना एवं पूजा अर्चना



राजनांदगांव (दावा)। विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य पर नगर निगम के टांकाघर में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना कर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा,जल विद्युत व मोटर विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैकी बग्गा, प्र.कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम ने परंपरागत रूप से भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर निगम कर्मचारियों को जयंती की शुभकामनाएं दी। जयंती के अवसर पर पुष्पवाटिका, लोककर्म विभाग में भी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गयी। आयुक्त ने विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा दुनिया के पहला वास्तुकार इंजिनीयर थे। उन्होंने उस समय सृष्टि का निर्माण किया था। उन्हीं की याद में प्रति वर्ष 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। आज के दिन कारखानों एवं तकनीकि शाखा में मशीनों व उपकरणों की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के तकनीकि विभागों में प्रतिवर्ष तकनीकि अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर जयंती मनाई जाती है। इस अवसर पर लोककर्म, जल, विद्युत व मोटर विभाग के कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की।

### ओमप्रकाश देवांगन का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय शंकरपुर निवासी ओमप्रकाश देवांगन 61 वर्ष का आकस्मिक निधन 17 सितंबर बुधवार को हो गया है। मृदभाषी व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी श्री देवांगन अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। श्री देवांगन की अंतिम यात्रा निज निवास से शंकरपुर मुक्तिधाम हेतु दोपहर एक बजे निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिकगण, परिवारजन, मोहल्ले वासीगण शामिल रहे। वे डॉ. अरूण देवांगन एवं देवेश देवांगन के बड़े भाई थे।





श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
सस्पेंस फिल्म
खारून पार
एल्सा घोस - शीला वर्मा
क्रांति दीक्षित, उपासना वैष्णव




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com


# एनएचएम कर्मचारियों को वेतन रोकने व नौकरी जाने का भय नहीं, शहर में निकाली वेदना ज्योति रैली

## दस सूत्रीय मांगों में 5 में बनी सहमति, ग्रेड-पे को लेकर अड़े कर्मचारी

राजनांदगांव (दावा)। पिछले 18 अगस्त से अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे एन एच एम के कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन के विभिन्न प्रयोगों व प्रयासों के बाद सरकार उनकी पूरी मांगे मानने को खाली नहीं है, उपर से सरकार उन पर सख्त नजरिया अपनाने तुल गई है। सरकार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि यदि एन एच एम कर्मचारी काम पर नहीं लौटते हैं तो एक माह का नोटिस जारी कर नई भर्ती निकाली जाएगी। यही नहीं सरकार ने एन एच एम कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि अगर वे काम पर नहीं लौटते तो उनका वेतन रोक दिया जाएगा और उनकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी। इसके लिए जिला सीएम एचओ को आदेश जारी कर दिया गया है कि कार्य से अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्य नहीं तो वेतन नहीं के सिद्धांत पर इस माह का वेतन जारी नहीं किया जाए।

### कर्मचारियों ने निकाली वेदना ज्योति रैली

सरकार के इस फरमान के बाद भी हड़ताली कर्मचारियों ने शहर में वेदना ज्योति रैली निकाली। कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन स्थल से शाम 5 बजे वेदना ज्योति रैली निकालकर कोरोना के समय मृत हुए लोगों को मानव मंदिर चौक में श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पूर्व भी कर्मचारियो ने शुरुआती दिनों में दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित की थी और शासन प्रशासन सहित जनता का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। इसके बाद भी सरकार की ओर से लिखित आश्वासन नहीं मिलने पर संघ ने हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया है।

बता दें कि बीते एक माह से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे एन एच एम कर्मचारी अपने विविध प्रदर्शनों के माध्यम से लगातार सरकार का ध्यान आकृष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके बाद इन कर्मचारियों के धरना-प्रदर्शन जुलुस रैली व मां बम्लेश्वरी को चुनरी चढ़ाने वाली यात्रा का कोई असर नही पड़ रहा था। जिले भर के एनएमएच कर्मचारियों ने धर्म नगरी डोंगरगढ़ जा कर मां बम्लेश्वरी को 21 मीटर लंबी चुनरी चढ़ाई और मां से उनकी मांगो के संदर्भ में सरकार को सद्बुद्धि देने व उन्हें इस लड़ाई को लड़ने के लिए शक्ति देने की प्रार्थना की है। इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि सरकार द्वारा उनके खिलाफ




एक्शन लेने की तैयारी शुरू कर दी और काम पर नहीं लौटने पर बर्खास्तगी व वेतन रोकने जाने के फरमान जारी कर दिए।

### सरकार से ग्रेड-पे की घोषणा की मांग

जानने में आ रहा है कि हड़ताली एन एच एम कर्मचारियों की 10 मांगों में से 5 मांगे मानने सरकार द्वारा सहमति दे दी गई है। अब सिर्फ ग्रेड - पे पर मामला अटका हुआ है। सामुदायिक स्वास्थ्य प्रांतीय संगठन सूचना प्रभारी अमीत कुमार पारधी का कहना है कि सरकार ग्रेड- पे की घोषणा कर दे। इसी तरह सरकार द्वारा सहमत हुए 5 मांग के संबंध में अब तक आदेश जारी नहीं हुआ है। इसमें संगठन ने कुछ संशोधन कहा है जिसे करते हुए सरकार ग्रेड-पे को भी जोड़ दें और आदेश जारी कर दे, लेकिन सरकार आदेश जारी नहीं कर रही है इसलिए मामला अटका हुआ है और एनएचएम कर्मचारियों का हड़ताल जारी है।

### जिले की स्वास्थ्य सेवाएं हो रही प्रभावित

कर्मचारियों की हड़ताल के चलते स्वास्थ्य व्यवस्था पर इसका असर पड़ रहा है। स्वास्थ्य केंद्रों के बंद रहने से टीकाकरण व ए एनसी सेवाएं भी बाधित है। हड़ताल के कारण शासन द्वारा संचालित रिपोर्टिंग सिस्टम भी प्रभावित हुआ है। मलेरिया, टीबी, टीकाकरण और महामारी नियंत्रण की कोई रिपोर्टिंग केंद्र तक नहीं पहुंच पा रही। यही नहीं एन एच एम कर्मचारियों की हड़ताल के चलते 15 सितंबर को मनाया जाने वाला कृमि मुक्ति दिवस और 19 सितंबर को वजन त्योहार को भी स्थगित करना पड़ा है। इसके अलावा टीबी और मलेरिया जांच, प्रयोगशाला की सभी जांचे तथा मानसिक स्वास्थ्य, वृद्धजन, स्वास्थ्य, स्कूल और आंगनबाड़ी स्वास्थ्य कार्यक्रम भी बंद पड़े हैं। एनएचएम कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती, हड़ताल जारी रहेगी।

### प्रदर्शन के हर पैंतरे आजमा रहे कर्मचारी

बता दें कि जिले में एनएचएम के 400 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी हैं। इनका अनिश्चितकालीन हड़ताल लंबा खींचने से धरना स्थल पर बामुश्किल आधे कर्मचारी जुट पा रहे हैं। कर्मचारियों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए धरना प्रदर्शन के हर पैंतरे आजमाएं जाने के बाद भी न जाने क्यों प्रदेश की भाजपा सरकार इनकी इस मांगों की ओर ध्यान देना नहीं चाह रही। इससे एन एम एच कर्मचारी अब भगवान की शरण में गुहार लगाने पहुंचे हुए थे। जानकारी मिल रही है कि कर्मचारियों की 5 मांगों के साथ सरकार की सहमति हो गई है सिर्फ ग्रेड-पे पर मामला अटका हुआ है। वहीं उपरोक्त सहमति वाली मांग के संदर्भ में सरकार की ओर से आदेश भी जारी नहीं हुआ है। इससे हड़ताली कर्मचारियों के बीच संभ्रम की स्थिति बनी हुई है जिससे उनका हड़ताल जारी हैं।

इधर सरकार का काम पर लौटने व वेतन रोके जाने के फरमान जारी होने पर मामला फिर से गड़बड़ा गया है। इस पर दुःख प्रकट करते हुए कर्मचारियों ने शहर में वेदना ज्योति रैली निकाली और मानव मंदिर चौक में कोविड के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

> हड़ताली कर्मचारियों के लिए अल्टीमेटम सिर्फ एक दिनों के लिए था। अब तक काम में नहीं लौटे हैं, सरकार अब एक-दो दिन में टर्मिनेशन आर्डर भेज सकती हैं।
>
> **- डॉ. नेतराम नवरतन**
> **जिला स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी, राजनांदगांव**

## आज शा. आयुष पॉलीक्लिनिक में नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। जिला आयुष विभाग द्वारा एवं छत्तीसगढ़ आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज मनकी के सहयोग से 18 सितंबर को पुष्य नक्षत्र के अवसर पर सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक एक वर्ष से 16 वर्ष के बच्चों के लिए शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक दीनदयाल नगर चिखली राजनांदगांव में निःशुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार का आयोजन किया गया है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा ने बताया कि स्वर्ण प्राशन कराने से बच्चों की रोगप्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, मानसिक और शारीरिक विकास में सुधार तथा बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार होता है। उन्होंने अभिभावकों से निःशुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपने बच्चों को स्वर्णप्राशन का लाभ दिलाएं एवं उनके स्वास्थ्य को मजबूत बनाने की अपील की है। निःशुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 7974294983 पर संपर्क कर सकते है।


**नाम परिवर्तन की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं आनंद वर्मा उम्र लगभग 36 वर्ष पिता स्व. होरीलाल वर्मा जाति-लोधी, निवासी-ग्राम बासुला, पो. खपरीखुर्द, तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) का हूँ। मैंने अपनी पुत्री का पुराना नाम-बुनेश्वरी वर्मा से परिवर्तित कर नया नाम भुनेश्वरी (BHUNESHWARI) रख लिया है। अब मेरी पुत्री को इस नये नाम से जाना, पहचाना एवं संबोधित किया जावे।

भवदीय
आनंद वर्मा
पिता स्व. होरीलाल वर्मा
जाति-लोधी, निवासी ग्राम बासुला,
पो. खपरीखुर्द,
तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)
मो.नं. 62671-54539

**Name Change**

It is informed to the general public that I, JANIKA PATEL D/O ISHWAR BHAI PATEL Resident of HOUSE NO. 500, SHREE GEETA TIMBER COMPLEX, NEAR RAIPUR NAKA, G. E. ROAD, WARD NO. 27, RAJNANDGAON (C.G) have changed my old name JANIKA PATEL D/O OF ISHWAR BHAI PATEL, so in future I should be recognized by My New Name that is JAINIKA PATEL W/O MUKUND RAMANI in all Government official, semi Government official and other documents.

JAINIKA PATEL
HOUSE NO. 500, SHREE GEETA TIMBER COMPLEX, NEAR RAIPUR NAKA, G. E. ROAD, WARD NO. 27, RAJNANDGAON (C.G)


**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.
2-5-8
699-4 167-4
राजधानी
3-4-0
179-7 358-6

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## विधानसभा अध्यक्ष ने शासकीय उद्यान रोपणी पेण्ड्री में ऑटोमेटिक वेजीटेबल सीडलिंग यूनिट का किया अवलोकन

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज राजनांदगांव प्रवास के दौरान शासकीय उद्यान रोपणी पेण्ड्री में ऑटोमेटिक वेजीटेबल सीडलिंग यूनिट का अवलोकन किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने ऑटोमेटिक वेजीटेबल सीडलिंग यूनिट के प्रोसेसिंग तकनीक के बारे में जानकारी ली। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को बताया गया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के माध्यम से शासकीय उद्यान रोपणी, पेण्ड्री जिला राजनांदगांव में राज्य की दूसरी सबसे बड़ी आटोमेटिक वेजीटेबल सीडलिंग यूनिट का निर्माण सब्जी की खेती करने वाले



सब्जियों की खेती करने वाले किसानों को रियायती दरों पर मिलेंगे सीडलिंग पौधे

किसानों को रियायती दरों में रोपा (थरहा) उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित की गई है। आटोमेटिक प्लग टाईप वेजीटेबल सीडलिंग यूनिट में तैयार किये जाने वाले पौधे, अन्य माध्यमों से तैयार पौधों (थरहा) की तुलना में रोग रहित स्वस्थ तथा अधिक उत्पादन वाले होते है। जिससे किसानों को अच्छा लाभ मिलता है। ऑटोमेटिक वेजीटेबल सीडलिंग यूनिट में पौध उत्पादन क्षमता प्रति मौसम 60 लाख पौधे तैयार करने की है। पूरे वर्ष में लगभग 180 लाख पौधे उत्पादित किया जाता है, जो क्षेत्रीय किसानों को रियायती दरों पर उपलब्ध होगा। यूनिट के माध्यम से किसानों को सब्जियों की विभिन्न वैरायटी के सीडलिंग पौधे (थरहा) किफायती दर पर उपलब्ध रहेंगे, जिससे उन्हें फायदा होगा।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में चक्रवाती तूफान के कारण पलग टाईप वेजिटेबल सीडलिंग यूनिट क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसकी मरम्मत के लिए उद्यानिकी विभाग से 32 लाख रूपए तथा डीएमएफ मद से 19 लाख रूपए की लागत से मरम्मत का कार्य किया जा रहा है।

## एनसीसी नेवल के दो कैडेट ने ऑल इंडिया नव सैनिक कैंप 2025 लोनावला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के एनसीसी नेवल के दो जांबाज कैडेट्स राहुल लहरे और शिव चौधरी ने एक बार फिर महाविद्यालय और छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। लोनावाला में आयोजित ऑल इंडिया नव सैनिक कैंप 2025 में इन दोनों कैडेट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया।

### कड़ी मेहनत लाई रंग, मिला द्वितीय स्थान

इस प्रतिष्ठित कैंप में राहुल और शिव ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ डायरेक्टरेट का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने देश भर के 17 डायरेक्टरेट के बीच हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और कौशल के दम पर यह



उपलब्धि हासिल की।

### महाविद्यालय ने दी बधाई, किया सम्मान

कैडेट्स की इस उल्लेखनीय सफलता पर पूरे महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने एनसीसी नेवल के एएनओ (एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर) विकास कांडे के साथ-साथ दोनों कैडेट्स को बधाई दी। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें राष्ट्र सेवा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के रजिस्ट्रार दीपक कुमार परगनिहा ने भी छात्रों को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी और इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया।

## नाबालिक से बलात्कार के दोषी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

राजनांदगांव (दावा)। एक 15 वर्षीय नाबालिग से बलात्कार के मामले में, राजनांदगांव के अपर सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (पॉक्सो) के पीठासीन न्यायाधीश ओमप्रकाश साहू ने एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने थाना सोमनी क्षेत्र के निवासी 18 वर्षीय अभियुक्त एवन सेन को दोषी मानते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। यह घटना अप्रैल 2023 की है। पीड़िता, जो उस समय 15 वर्ष की थी, शाम को एक मैदान में गई थी। इसी दौरान अभियुक्त एवन सेन उसे जबरदस्ती अपने घर ले गया और उसके साथ बलात्कार किया। आरोपी ने पीड़िता को इस घटना के बारे में किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी।

पीड़िता ने हिम्मत करके अपने परिवार को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उसकी मां ने थाना सोमनी में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी एवन सेन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पूरी जांच के बाद, पुलिस ने अभियोग पत्र विशेष न्यायालय में पेश किया।

### न्यायालय का फैसला

न्यायालय ने अभियुक्त को 20 वर्ष का सश्रम कारावास और 10,000 रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया है। यदि अभियुक्त जुर्माना अदा नहीं करता है तो उसे दो महीने का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। इस फैसले को नाबालिगों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।


**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शुभाशीष रेड्डी पिता उमेश रेड्डी आयु 14 वर्ष निवासी- डी 58, ब्लॉक डी, डी मार्ट के पास महावीर सनसिटी कॉलोनी, राजनांदगांव तह. व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ कि मैने अपना नाम बदलकर शुभाशीष ड़डसेना पिता श्री नंदकिशोर ड़डसेना रख लिया है। अत: आज से मेरा नाम शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेज में नया नाम शुभाशीष ड़डसेना पिता श्री नंदकिशोर ड़डसेना से ही जाना पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहता हूँ।

शुभाशीष ड़डसेना
पिता - नंदकिशोर ड़डसेना
निवासी- डी 58, ब्लॉक डी,
डी-मार्ट के पास, महावीर सनसिटी
कॉलोनी, राजनांदगांव (छ:ग)

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दिशा वाल्दे पति दीपक वाल्दे आयु 26 वर्ष निवासी-2965, दीक्षा नगर चित्रकूट मानस भवन, रायपुर (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर दुर्गेश्वरी वाल्दे पति दीपक वाल्दे रख लिया है। अत: आज से मेरा नाम शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेज मे नया नाम दुर्गेश्वरी वाल्दे पति दीपक वाल्दे से ही जाना पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहता हूँ।

दुर्गेश्वरी वाल्दे
पति - दीपक वाल्दे
निवासी - 2965, दीक्षा नगर,
चित्रकूट मानस भवन रायपुर (छग)

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहम्मद कासिम रजा पिता कल्लू हुसैन, पता- मकान नंबर 249, वार्ड नंबर 39, बसंतपुर थाना रोड पठान पारा, राजनांदगांव शपथ करता हूँ कि मैं मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम मोहम्मद राशिद (Mohammad Rashid) दर्ज हो गया है, जो कि त्रुटिपूर्ण है, तथा मेरे पिता का वास्तविक नाम हैं, जो कि मेरे समस्त दस्तावेज़ में ये ही नाम दर्ज है, आधार कार्ड व पैन कार्ड एवं ड्राइविंग लाइसेंस में भी दर्ज है, कल्लू हुसैन (Kallu Hussain)।

अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे पिता के नये नाम से ही जाना पहचाना जावे।

मोहम्मद कासिम रजा
पिता - कल्लू हुसैन
पता - मकान नंबर 249,
वार्ड नंबर 39, बसंतपुर थाना रोड
पठान पारा, राजनांदगांव (छ.ग.)

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**संक्षिप्त मैनुअल निविदा सूचना क्रमांक-23**

क्र./2066/क्लेलि/ग्रायांसेवा/2025-26 राजनांदगांव, दिनांक 15/09/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नालिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा कार्यालय में पहुंचने का दिनांक | निविदा आमंत्रण |
|---|---|---|---|
| महतारी सदन निर्माण कार्य ग्राम आमाटोला वि.ख. अं. चौकी जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी | 26.84 | 30.09.2025 | प्रथम बार |
| महतारी सदन निर्माण कार्य ग्राम औंधी वि.ख. मानपुर जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी | 26.84 | 30.09.2025 | प्रथम बार |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 16.09.2025 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 30.09.2025 तक सायं 5.30 बजे तक है।

जी- 252603573/3

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
राजनांदगांव (छ.ग.)

# सखी वन स्टॉप सेंटर माता और बहनों के सम्मान की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल - विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

**विधानसभा अध्यक्ष ने 60 लाख रूपए की लागत के सखी वन स्टॉप सेंटर के भवन के लिए भूमिपूजन किया**



**सखी वन स्टॉप सेंटर भवन बनने से पीड़ित महिलाओं को मिलेगा एक आश्रय स्थल**

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज बल्देवबाग राजनांदगांव में 60 लाख रूपए की लागत से सखी वन स्टॉप सेंटर भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पोषण माह के अंतर्गत सुपोषण 2025 रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज भगवान विश्वकर्मा जयंती और देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 60 लाख रूपए की लागत के सखी वन स्टॉप सेंटर भवन के लिए भूमिपूजन किया गया। उन्होंने कहा कि सखी वन स्टॉप सेंटर केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसमें पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे विधिक सहायता, चिकित्सा सहायता, पुलिस सहायता और परामर्श दिया जाता है। इसके साथ ही महिला को प्रताड़ित कर घर से निकाल देने पर आपातकाल में कुछ दिनों तक रह सकती है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में सखी वन स्टॉप सेंटर वर्ष 2017 से संचालित है। सखी वन स्टॉप सेंटर भवन बनने से पीड़ित महिलाओं के एक आश्रय स्थल मिलेगा। सखी वन स्टॉप सेंटर माता और बहनों के सम्मान और उनके सम्मान की रक्षा के लिए है। सखी वन स्टॉप सेंटर का अच्छा भवन बनकर तैयार हो जाएगा। राजनांदगांव जिले के लिए यह एक महत्वपूर्ण केन्द्र होगा।

अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि पीड़ित महिलाओं के लिए बहुत अच्छा सखी वन स्टॉप सेंटर भवन का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए कारगर और मील का पत्थर साबित होगी। पीड़ित महिलाओं को अच्छी सेवाएं मिलेगी। उन्हें चिकित्सा सेवा सहित सभी आवश्यक सेवाएं दी जाएगी। कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरूप्रीत कौर ने बताया कि भारत शासन की योजना के तहत पीड़ित महिलाओं की सहायता के लिए सभी प्रकार की सुविधा व सहायता उपलब्ध कराने के लिए जिले में वर्ष 2017 से सखी वन स्टॉप सेंटर संचालित किया जा रहा है। जिले में सखी वन स्टॉप सेंटर संचालन से अब तक 1551 पीड़ित महिलाओं को उनकी आवश्यकतानुसार लाभ दिया गया है। वर्तमान में सखी वन स्टॉप सेंटर सामुदायिक भवन में संचालित है। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि 17 सितंबर से 16 अक्टूबर 2025 तक सुपोषण 2025 रथ के माध्यम से जन समुदाय को स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता और व्यवहार परिवर्तन के लिए जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, कोमल सिंह राजपूत, रमेश पटेल, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे सहित पार्षदगण, बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# नवरात्रि पर्व की हो रही जोरो- शोरो से तैयारियां, सजने लगे दुर्गोत्सव पंडाल

**मूर्तिकारों के यहां रंग-रुप लेने लगी दुर्गा प्रतिमाएं, मंदिरों की होने लगी साज-सज्जा**



राजनांदगांव (दावा)। अश्विन मास के कृष्ण पक्ष की समाप्ति होते ही क्वांर नवरात्रि का पर्व शुरू हो जाएगा। अभी कृष्ण पक्ष में पितृ श्राद्ध -तर्पण का कार्य जारी है। पितरहा घरों में पितर देवता पूजे जा रहे है। 21 सितंबर को सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या मनाने और सभी पितरों को श्राद्ध-तर्पण दिए जाने के बाद 22 सितंबर से क्वांर नवरात्रि प्रारम्भ हो जाएगी। शक्ति आराधना का पर्व शुरू हो जाएगा।

शारदीय नवरात्रि में नौ दिनों तक शक्ति पूजा-आराधना की बयार बहेगी। इधर जिला प्रशासन भी नवरात्र पर्व को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 22 सितंबर से शुरू होने वाली क्वार नवरात्रि व मां बम्लेश्वरी के डोंगरगढ़ मेले यात्रियों की सुविधा एवं कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक ले चुके हैं। क्वांर नवरात्रि मेंले में सुविधाजनक एवं चाक चौबंद व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं। बहरहाल देखी जाए तो शारदीय नवरात्रि की जोरो-शोरों से तैयारियां होने लगीं है। इससे बाजार में चहल पहल दिखने लगा है।

### शहर व गांवों में सजने लगी दुर्गोत्सव पंडाल

बता दें कि शहर में गणेशोत्सव पर्व की गौरवशाली परंपरा की तरह दुर्गोत्सव पर्व भी धूमधाम से मनाया जाता है। आगामी 22 सितंबर से शारदीय नवरात्रि की शुरुआत होने जा रही है जिसकी जोरों-शोरों से तैयारी की जा रही है। शहर सहित गांव-देहात के देवी मंदिरों की साफ-सफाई तथा रंग-रोगन कर उसे जगमग किए जाने का कार्य जारी है। मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश स्थापना व ज्योति- जंवारा रखने की तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई है। इसी तरह शहर से लेकर गांवों में मां दुर्गा स्थापना के लिए दुर्गोत्सव पंडाल सजने शुरू हो गए है। समितियां तैयार हो गई है। शहर में गंज लाइन दुर्गोत्सव समिति रामाधीन मार्ग पर परमहंस दुर्गोत्सव समिति, दुर्गा चौक में लगभग 70-75 साल पूरे कर चुके दुर्गोत्सव समिति के अलावा अन्यान्य दुर्गोत्सव समितियां पंडाल निर्माण से लेकर नवरात्रि के नौ दिनों तक की पूजा-आराधना के सरंजाम जुटाने में जुट गई है।

### आकार ले रही देवी मां की प्रतिमाएं

क्वांर नवरात्रि पर्व के लिए अब मात्र 5 दिन शेष रह गए हैं। शहर से लेकर गांव-देहातों में मां दुर्गा विराजेंगी। जिसके मद्देनजर मूर्तिकार मां दुर्गा प्रतिमाएं तैयार करने में जी- जान से जुटे हुए हैं। समय को नजदीक आते देख मूर्तिकारों को फुर्सत नहीं है। दिन-रात एक कर दुर्गा प्रतिमाएं पूरा करने के लिए अपने आप को झोंक दिए हैं।

शहर के पुरनियां मूर्तिकार वासुदेव पेंटर, पांडूरंग पेंटर, पुत्री शाला रोड व सिनेमा लाइन स्थित कृष्णा पाल पेंटर,ममता नगर स्थित देवा पेंटर, लखोली स्थित रंगारी पेंटर चंद्राकर पेंटर के अलावा सिंगदई, मनकी, सिंघोला, थनौद आदि के मूर्तिकारों के यहां मां दुर्गा की 2-3 फीट से लेकर 5-7 फीट व 8-10 फीट की मूर्तियां तैयार हो रही है। शहर के कृष्णा पाल पेंटर ने बताया कि 7 से 8 फीट वाली मां प्रतिमा की कीमत तकरीबन 15 से 16 हजार रुपए है। फिलहाल वे आर्डर की मूर्तियां जल्दी तैयार कर देने में जुटे हुए हैं। बहुत सी आर्डर की मूर्तियां बाहर जाने वाली है। इसके साथ ही स्थानीय दुर्गोत्सव समितियां के लिए भी मूर्तियां तैयार की जा रही है।

# 15 वर्षीय मुमुक्षु आगम सुराणा का हुआ बहुमान, महापौर ने दी शुभकामनाएं



राजनांदगाव (दावा)। ओस्तवाल लाइन स्थित उपहार साड़ी में आज मुमुक्षु आगम सुराणा का बहुमान किया गया। महापौर मधुसूदन यादव भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उनका भी बहुमान किया गया। श्री यादव ने कहा कि आज भगवान विश्वकर्मा का जन्मदिन है। वे सृजन करने वाले है। आगम जी भी सृजन के मार्ग पर चलने वाले हैं। मैं उनके संयमी जीवन में सफलतापूर्वक चलने की कामना करता हूॅं।

जैन समाज के भागचंद गीड़िया ने कहा कि आगम सुराणा ने मात्र 15 वर्ष की उम्र में संयम पथ पर चलने का निर्णय लिया है, जो निश्चय ही अनुमोदन योग्य है। इस उम्र में बच्चे भौतिक सुख सुविधाओं को देखते हैं। वही आगम ने आध्यात्मिकता का मार्ग चुना। वे संयम की मां शीतल सुराणा और पिता जय सुराणा की भी अनुमोदना करते हैं। जिन्होंने अपने पुत्र आगम को संयम मार्ग में चलने की स्वीकृति दी। बहुमान सभा में माही शैलेश सुराणा ने आगम सुराणा के जीवन परिचय देते हुए कहा कि 6 मई 2010 को आगम का जन्म दुर्ग में हुआ। उनके दादा चंद्रकांत सुराणा तथा माता शीतल सुराणा और पिता जय सुराणा है। वे बचपन से ही धार्मिक प्रवृत्ति के हैं। सभा का संचालन करते हुए आशीष बैद ने बताया कि आचार्य श्री रामलाल का भी जन्म देशनोक (राजस्थान) में हुआ है और आगम के दादा चंद्रकांत सुराणा का भी जन्म देशनोक (राजस्थान) में हुआ है। आगम के जन्म के 12 साल बाद हर्षित मुनि का चातुर्मास सन 2022 में दुर्ग में हुआ था। तब वह हर्षित मुनि की संपर्क में आया था और उनसे काफी प्रभावित भी हुआ।

प्रारंभ में कार्यक्रम की शुरुआत मुमुक्षु आगम सुराणा के द्वारा मंगलाचरण से किया गया। आगम सुराणा की मौसी सरिता शैलेश सुराणा ने गीतिका प्रस्तुत की। आगम ने भी बताया कि वे आचार्य रामलाल और उपाध्याय राजेश मुनि से काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि उनके मौसा शैलेश सुराणा एवं मौसी सरिता सुराणा चाहते थे कि वह कुछ और पढ़ ले, किंतु बाद में उन्होंने भी स्वीकृति दे दी। तब आगम ने संयम पथ में चलने का निर्णय ले लिया है और 13 अक्टूबर 2025 को देशनोक (राजस्थान) में उनकी दीक्षा आचार्य श्री रामलाल और उपाध्यक्ष राजेश मुनि के सानिध्य में संपन्न होगी। यह जानकारी विमल हाज़रा ने दी।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स ने मोदी जी का जन्मदिन आस्था में मनाया



**पीएम मोदी जी कलयुग के सृजनकर्ता है- खूबचंद पारख**

राजनांदगांव (दावा)। चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद के नेतृत्व में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर आस्था मूकबधीर शाला में 75 बच्चों के साथ देश के प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया और केक काटकर बच्चों के साथ खुशियां बाटी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक खूबचंद पारख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि .आज पूरे विश्व में मोदी जी का डंका बजता है और अमेरिका जैसा देश जो कभी मोदी जी को वीजा नहीं दे रहा था आज वह मोदी जी के नजदीक आना चाहता है। श्री पारख ने कहा कि मोदी जी अपना जन्मदिन पर सादगी पूर्वक जनता की सेवा के लिए 17 आयाम के साथ पूरे देश में भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सेवा पखवाड़े के तहत लोगों की सेवा कर रहे हैं। यह विश्व का अद्वितीय एवं अनुपम उदारहण है। श्री पारख ने कहा कि आज भारत के नवनिर्माण में मोदी जी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, उनके नेतृत्व में देश आर्थिक रूप से संपन्न हो रहा है और हम तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। उन्होंने विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज कलयुग के दौर मे भारत के विकास की नवीन संभावनाओं का सृजन मोदी जी कर रहे हैं ।

कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदेश मंत्री अमर लालवानी ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद डड्डा ने किया। इस अवसर पर बच्चों के साथ के जन्मदिन की खुशियां मना कर एवं केक काटकर, चॉकलेट बिस्किट और नमकीन पैकेट का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष भीमन धनवानी, प्रदेश मंत्री तरुण लहरवानी, कोषाध्यक्ष शिव अग्रवाल, हरीश मोटलानी, राजकुमार बाफना, दीपक नवलखा, दीपक लहरवानी, जितेश पटेल, बलबीर बग्गा, दामू भूतड़ा, महेंद्र सुराणा, राणु जैन, अखिलेश सुराणा, योगेश खत्री, प्रवीण सेठिया, मनीष गोलछा सहित बड़ी संख्या में चेंबर के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पॉवर कंपनी अध्यक्ष ने ली समीक्षा बैठक, 'पीएम सूर्य घर' योजना पर दिया विशेष जोर



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश के ऊर्जा सचिव और बिजली कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने राजनांदगांव जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान विभागीय कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित इस बैठक में उन्होंने राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिलों के मैदानी अधिकारियों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

### 'पीएम सूर्य घर' योजना को जन-जन तक पहुंचाएं - डॉ. यादव

डॉ. रोहित यादव ने कहा कि इस योजना को सफल बनाने के लिए बिजली कंपनी के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सबसे पहले अपने घरों में सौर ऊर्जा प्लांट लगाकर एक मिसाल पेश करनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से प्रत्येक नागरिक को योजना के तहत मिलने वाली केंद्र और राज्य की सब्सिडी और शून्य बिजली बिल के लाभों के बारे में जानकारी देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य उपभोक्ताओं को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें उपभोक्ता से ऊर्जादाता के रूप में बदलना है।

### अन्य विभागीय कार्यों की भी हुई समीक्षा

समीक्षा बैठक के दौरान प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने विभागीय कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। इसमें आरडीएसएस योजना के तहत कृषि पंप कनेक्शन, स्मार्ट मीटर की स्थापना, बकाया राजस्व वसूली, और लाइन लॉस को कम करने जैसे बिंदुओं पर चर्चा हुई। डॉ. यादव ने सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने पर जोर दिया। इस अवसर पर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने अधिकारियों को उपभोक्ता सेवा में लापरवाही न बरतने और सभी समस्याओं का त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया। बैठक में कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह सहित तीनों जिलों के वरिष्ठ अधिकारी और अभियंता उपस्थित थे।

# मदरसा में स्वास्थ शिविर का हुआ आयोजन, महिलाओं की रही भीड़



राजनांदगांव (दावा)। शहर के मोतीपुर रामनगर क्षेत्र के ताजनगर स्थित मदरसा गुलशने रजा में रविवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्त्री रोग और हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क सेवा दी गई। आम जनों के लिए आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने अपना उपचार कराया और निःशुल्क दवाईया ली। मदरसा कमेटी और लाइफ केयर क्लिनिक एण्ड मेडीकोज के सहयोग से आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श और दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर के उद्देश्य को लेकर डॉ. इरशाद आलम ने बताया कि कई लोगों को उनके बीपी शुगर का पता ही नहीं रहता, समय पर लोगों को बीपी शुगर का पता लगना और बीमारियों के उपचार को लेकर इस शिविर का आयोजन किया गया है।

### विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दी सेवा


सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में 107 मरीजों ने अपना उपचार कराया।

इस शिविर में अपनी सेवा देने पहुंचे हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मानस श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में ज्यादातर मरीज साइटिका, घुटनों में दर्द, कमर दर्द से संबंधित पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की बीमारी के पीछे बढ़ती उम्र के साथ कैल्शियम और विटामिन की कमी एक कारण है। वहीं शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीषा वर्मा ने महिलाओं से संबंधित रोगों का उपचार कर उन्हें परामर्श दिया।

### शिविर की सराहना

स्वास्थ्य शिविर को लेकर आसपास क्षेत्र के लोगों में उत्साह बना रहा। खासकर शिविर में महिलाओं की संख्या अधिक रही। मदरसा कमेटी के माध्यम से आयोजित इस शिविर में मेघा यादव, कोमल बया, रमेश साहू सहित अन्य लोगों ने अपनी सेवाएं दी। निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ लेने पहुंचे लोगों ने इस शिविर की सराहना की।

# सिंघोला : आस्था का केंद्र, जहाँ साकार होती है चमत्कार की गाथा



राजनांदगांव (दावा)। राजहरा मार्ग पर मात्र सातवें मील पर स्थित ग्राम सिंघोला एक ऐसी पुण्य भूमि है, जहाँ की 4,000 की आबादी अटूट श्रद्धा और चमत्कार की साक्षी है। यह वह स्थान है, जहां भानुमति साहू ने दैवीय शक्ति का अनुभव किया और बाद में माँ भानेश्वरी देवी के रूप में पूजी जाने लगीं। आज भी इस वैज्ञानिक युग में उनकी कहानी हजारों लोगों की आस्था का केंद्र बनी हुई है।

### चमत्कार की शुरुआत : मटर के दानों की कहानी

9 मई 1911 को एक साधारण किसान परिवार में जन्मी भानुमति साहू का जीवन 15 वर्ष की आयु में तब बदल गया। जब उन्हें एक रहस्यमयी बूढ़ी महिला मिली। उस बूढ़ी महिला ने उन्हें प्यार से मटर के दाने खाने को दिए और देखते ही देखते वह महिला अचानक अदृश्य हो गईं। उसी शाम भानुमति को तेज बुखार आया और उनके शरीर पर चेचक के बड़े-बड़े दाने उभर आए। यह क्रम कई दिनों तक चला। जिससे लोगों का ध्यान आकर्षित हुआ।

### शीतला मंदिर में देवी का वास

जब भानुमति को शीतला मंदिर ले जाया गया, तो मंदिर में प्रवेश करते ही एक तेज आवाज गूंजी, मैं यहीं रहूंगी, तुम सब अपने-अपने घर चले जाओ। भानुमति ने अपने परिवार और ग्रामीणों के आग्रह को ठुकराकर मंदिर में ही रहने का संकल्प लिया। ग्रामीणों के सहयोग से मालगुजार रामधीन साहू द्वारा दान की गई जमीन पर उनके लिए एक मकान बनाया गया। इस दौरान भानुमति निराहार रहीं।

### प्रथम सेवक और भक्तों का आगमन

इसी दौरान मालगुजार परिवार के कृपालराम साहू को स्वप्न में देवी का आदेश प्राप्त हुआ। वे तत्काल देवी की सेवा में उपस्थित हुए और जीवन भर उनके प्रथम सेवक होने का गौरव प्राप्त किया। धीरे-धीरे देवी भानेश्वरी की ख्याति फैलने लगी। दुखी, संतानहीन और परेशान लोग उनके पास आने लगे। कहा जाता है कि जिनसे देवी बात करती थी। उनकी मनोकामनाएं पूरी हो जाती थी। आज भी उनकी समाधि पर श्रद्धालु अपनी समस्याओं के निवारण के लिए आते हैं और उनके द्वारा उपयोग की गई वस्तुएं आज भी वहाँ मौजूद हैं।

# नवरात्रि में राजीव नगर में निकलेगी विशाल खप्पर यात्रा



**अमावस्या की रात्रि धूमधाम के साथ होगा नगर भ्रमण**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के राजीव नगर वार्ड नं. 42 में इस बार भी क्वांर नवरात्रि के एक दिन पहले विशाल खप्पर यात्रा निकाली जा रही है। वार्ड के भैरव मित्र मंडल व मातारानी के लाडले भक्तों ने बताया कि शारदीय नवरात्रि के एक दिन पहले यानिकि 21 सितंबर की अमावस्या को श्री महामृत्युंजय हर्ष भैरव नाथ जी महाराज की विशाल खप्पर यात्रा निकाली जायेगी जिसका धूमधाम के साथ नगर भ्रमण होगा।

बताया गया कि रविवार की रात्रि 10 बजे निकाली जाने वाली उक्त खप्पर यात्रा राजीव नगर के श्री जीण भैरव मंदिर यज्ञ भूमि से प्रारंभ होकर जिला हॉस्पिटल रोड ,मेजर ध्यान चंद चौक सागर पारा रोड नागेश्वर महादेव मंदिर बांसपाई पारा दुर्गा चौक गांधी चौक महाकाल चौक सिनेमा लाईन आजाद चौक हलवाई लाईन भारत माता चौक गंज चौक छोटे हनुमान मंदिर मे समाप्त होगी । इस पावन और मंगलमयी अवसर पर आयोजित विशाल खप्पर यात्रा में शामिल होने के लिए सभी मातारानी भक्त व श्रद्धालुओं को परिवार सहित पधारकर, बाबा के दिव्य दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की गई है।

# आज भाजपा की वोट चोरी को उजागर करेंगे सचिन पायलट



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की राजनीति में 18 सितंबर का दिन बेहद अहम माना जा रहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट इस दिन पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के गढ़ राजनांदगांव पहुंच रहे हैं।

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने दावा किया है कि पायलट यहां आमसभा में भाजपा की वोट चोरी का बड़ा पर्दाफाश करेंगे और उसकी गलत नीतियों को जनता के सामने रखेंगे। शहर के हृदय स्थल जयस्तंभ चौक पर आयोजित इस आम सभा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। पिल्ले ने कहा कि पायलट की सभा ऐतिहासिक होने जा रही है। क्योंकि यह सिर्फ कांग्रेस कार्यकर्ताओं तक सीमित नहीं रहेगी। बल्कि आम जनता भी बड़ी संख्या में इसमें शामिल होगी। श्री पिल्ले ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए बड़े पैमाने पर गड़बड़ी करती है। उन्होंने कहा कि सचिन पायलट जनता को यह समझाएंगे कि किस बारीकी से भाजपा ईवीएम का दुरुपयोग कर चुनावी नतीजों को प्रभावित करती है। पार्टी लंबे समय से यह मांग करती रही है कि देश में चुनाव बैलेट पेपर और मत पेटियों के जरिए कराए जाएं।

उनका कहना है कि यदि एक भी चुनाव पुराने तरीके से कराकर देखा जाए तो भाजपा की सुपड़ी साफ होना तय है। पिल्ले ने चुनौती देते हुए कहा कि भाजपा अगर ईमानदार है तो बैलेट पेपर से चुनाव कराने से क्यों डर रही है। उन्होंने ने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग जो एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है, उसे निष्पक्ष होना चाहिए। लेकिन हकीकत यह है कि आयोग सत्ता पक्ष के इशारों पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा जानती है कि यदि पारंपरिक मत पत्रों से चुनाव होंगे तो कांग्रेस भारी बहुमत के साथ सत्ता में लौटेगी, इसलिए चुनाव आयोग पर दबाव डालकर इस व्यवस्था को लागू नहीं होने देती। सचिन पायलट के आगमन को लेकर कांग्रेस ने हर स्तर पर तैयारी कर ली है। नगर निगम से लेकर वार्ड स्तर तक कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं और पूरे शहर को बैनर-पोस्टरों से सजाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पायलट की सभा से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा और भाजपा की नीतियों के खिलाफ जनता को एकजुट करने का अभियान तेज होगा।

## अनमोल दावा

> झूठ और दिखावे की रफ्तार की कितनी भी तेज हो पर मंजिल तक केवल सच ही पहुंचता है।

## मोदीफाइड गवर्नेंस- नीति निर्माण से राष्ट्र निर्माण तक का सफर

मोदिफाइड गवर्नेंस के माध्यम से भारत में शासन और नीति निर्माण में अभूतपूर्व बदलाव आए हैं। यह मॉडल तकनीक पारदर्शिता और नागरिक सशक्तिकरण पर आधारित है जिसने स्वास्थ्य वित्त डिजिटल अवसंरचना और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में विकास को गति दी है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को ऊपर उठाने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने डिजिटल इंडिया के माध्यम से तकनीकी उपयोग को बढ़ाने पर जोर है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने शासन और नीति निर्माण में एक नए युग की शुरुआत की है। इस नए युग को हम मोदीफाइड गवर्नेंस का नाम देते हैं। यह केवल एक शब्द नहीं है, बल्कि एक ऐसा प्रशासनिक मॉडल है जिसने भारत के शासन तंत्र, नीति निर्माण, नागरिक सहभागिता, तकनीकी नवाचार और वैश्विक कूटनीति को नई दिशा दी है।

आज भारत जिस आत्मविश्वास और गतिशीलता के साथ आगे बढ़ रहा है, उसकी जड़ें इसी सोच में गहराई से जुड़ी हैं। इसका मूल आधार इरादे और प्रभाव के बीच की खाई को पाटना है, यह सुनिश्चित करना कि विकासात्मक पहलें तेजी और पारदर्शिता के साथ जमीनी स्तर तक पहुंचे। यह तकनीक, प्रत्यक्ष लाभ वितरण और नागरिक सशक्तिकरण के स्तंभों पर निर्मित एक ढांचा है, जो राष्ट्रीय आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा देता है।

यह गवर्नेंस मॉडल आत्मनिर्भर भारत-स्वावलंबी भारत की दृष्टि से प्रेरणा लेता है, जहां हर नीति केवल तत्काल राहत के लिए नहीं बल्कि दीर्घकालिक स्थिरता के लिए डिजाइन की जाती है।

पिछले दशक में, इसने स्वास्थ्य सेवा और वित्त से लेकर डिजिटल अवसंरचना और पर्यावरण संरक्षण तक विविध क्षेत्रों को छुआ है। जो बात उल्लेखनीय है, वह है मापनीय परिणामों पर जोर। योजनाओं की वास्तविक समय में निगरानी की जाती है, फीडबैक के आधार पर समायोजित की जाती है और अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ाई जाती है। इससे न केवल भारत की विकास गति तेज हुई है बल्कि इसे उत्तरदायी प्रशासन का वैश्विक उदाहरण बनाया है।

मोदीफाइड गवर्नेंस की एक प्रमुख विशेषता समाज के सबसे कमजोर वर्गों को लक्षित हस्तक्षेपों के माध्यम से ऊपर उठाने की प्रतिबद्धता है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई), जो एक मई 2016 में उत्तर प्रदेश के बलिया से शुरू की गई, इसका उदाहरण है जो ग्रामीण और वंचित परिवारों को स्वच्छ खाना पकाने का ईंधन प्रदान करती है।

निम्न आय वाले परिवारों की महिलाओं के लिए एलपीजी कनेक्शन पर ध्यान केंद्रित करके, योजना ने दैनिक जीवन को बदल दिया है, पारंपरिक बायोमास ईंधनों जैसे लकड़ी और कोयले से जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों को कम किया है। धुएं से भरी रसोई, जो कभी सांस की बीमारियों और आंखों की समस्याओं का सामान्य दृश्य थीं, अब सुरक्षित विकल्पों से बदल रही हैं। वर्ष 2025 तक, योजना ने 10.33 करोड़ से अधिक कनेक्शन वितरित किए हैं, पूरे देश में स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच का विस्तार किया है।

यह मील का पत्थर पर्यावरणीय स्वास्थ्य को सामाजिक कल्याण के साथ एकीकृत करने के सुनियोजित प्रयास को दर्शाता है, महिलाओं को उत्पादक गतिविधियों के लिए अधिक समय देता है और परिवार की समग्र भलाई में सुधार करता है।

योजना की सफलता उसकी जमीनी स्तर की क्रियान्वयन में निहित है। आवेदन सरलीकृत हैं, सब्सिडी सीधे हस्तांतरित की जाती है और रिफिल सब्सिडाइज्ड होते हैं ताकि निरंतर उपयोग सुनिश्चित हो। यह सशक्तिकरण की कहानी है, जहां एक साधारण गैस सिलेंडर गरिमा और प्रगति का प्रतीक बन जाता है।

इसे पूरक बनाती है आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई), जिसे दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य आश्वासन योजना के रूप में सराहा जाता है। स्वास्थ्य व्यय के खिलाफ वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से, यह माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार सालाना पांच लाख रुपये तक प्रदान करती है।

ग्रामीण और शहरी गरीब समुदायों के परिवारों के लिए, इसका मतलब तबाही और ठीक होने के बीच का अंतर है। 2025 तक 41 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं, लाखों लोगों को जेब से खर्च की बोझ के बिना गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच सक्षम बनाया है।

योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पताल सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में फैले हुए हैं, व्यापक कवरेज सुनिश्चित करते हैं। किसानों, मजदूरों और दैनिक वेतन भोगियों की कहानियां भरी पड़ी हैं जो कैंसर या दिल की बीमारी जैसी गंभीर बीमारियों का सामना करते हुए पहले अकल्पनीय उपचार प्राप्त कर चुके हैं।

यह योजना निवारक और पहुंच योग्य स्वास्थ्य सेवा की ओर बदलाव को रेखांकित करती है, दावा प्रसंस्करण के लिए डिजिटल उपकरणों को एकीकृत करती है और प्रशासनिक बाधाओं को कम करती है।

वित्तीय समावेशन एक अन्य आधारशिला बनाता है, जिसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) बैंकिंग पहुंच में क्रांति लाती है। असंबद्धों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में लाने के लिए शुरू की गई, इसमें शून्य-बैलेंस खाते खोले जाते हैं, ओवरड्राफ्ट सुविधाएं प्रदान की जाती हैं और उन्हें बीमा और पेंशन योजनाओं से जोड़ा जाता है।

# आतिशबाजी रहित उत्सवों की परम्परा का सूत्रपात हो



**-ललित गर्ग-**



पर्यावरण संकट हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों की लगातार हो रही क्षति ने जीवन को असहज और असुरक्षित बना दिया है। यह संकट किसी दूर के भविष्य की चिंता नहीं है, बल्कि हमारे रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित कर रहा है। राजधानी दिल्ली इसका सबसे जीवंत उदाहरण है, जहाँ दीपावली और अन्य त्योहारों के बाद वायु गुणवत्ता इतनी खराब हो जाती है कि सांस लेना तक मुश्किल हो जाता है। इसका एक प्रमुख कारण पटाखों का प्रयोग है। पटाखे और आतिशबाजी कुछ क्षणों के लिए उत्सव का शोर और रोशनी जरूर बिखेरते हैं, लेकिन उनके पीछे छूट जाता है जहरीला धुआं, असहनीय शोर, सांस लेने में तकलीफ और एक असंतुलित वातावरण। इस स्थिति में दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों पर अंकुश लगाने के संदर्भ में देश की शीर्ष अदालत की टिप्पणी संवेदनशील और मार्गदर्शक होने के साथ-साथ जनजागरूकता बढ़ाने वाली है। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि यदि साफ वायु राष्ट्रीय राजधानी के विशिष्ट लोगों का हक है तो यह हक शेष देश के हर व्यक्ति को भी मिलना चाहिए। दिल्ली ही नहीं, सम्पूर्ण देश में वायु प्रदूषण को नियंत्रण करना जरूरी है।

दुनिया भर के प्रदूषित देशों में भारत पांचवें नंबर पर है, दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर भी हमारे ही देश में हैं, ऐसे तेरह शहर दुनिया के शीर्ष बीस प्रदूषित शहरों में शुमार हैं, इन चिन्ताजनक हालातों में हवा को जहरीला बनाने वाले पटाखे निरंकुश रूप से जलाना एक आत्मघाती कदम ही है। पटाखों के दुष्प्रभाव स्पष्ट और प्रमाणित हैं। वे वातावरण में जहरीली गैसों का उत्सर्जन करते हैं, जिससे हवा की गुणवत्ता अचानक बेहद खराब हो जाती है। दीपावली की रात पटाखों से निकलने वाला धुआं कई दिनों तक हवा में बना रहता है और सांस की तकलीफ, आंखों में जलन, हृदय रोग और दमा जैसी बीमारियों को और गंभीर कर देता है। पटाखों से होने वाला ध्वनि प्रदूषण बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों के लिए भय और असहनीय पीड़ा का कारण बनता है। पशु-पक्षियों की स्थिति भी दयनीय हो जाती है, उनके जीवन में असुरक्षा और बेचैनी घुल जाती है। यह सब जानते हुए भी आतिशबाजी को लेकर समाज में अब भी ढिलाई और परंपरा के नाम पर अनदेखी जारी रहना दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है।

दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में दीपावली के बाद की स्थिति किसी आपदा से कम नहीं होती। पिछले वर्ष दीपावली के दौरान दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई 300 से ऊपर चला गया और 'बहुत खराब' से 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज हुआ। यह हर साल का दोहराया जाने वाला दृश्य है और हर साल सरकार, समाज और न्यायपालिका को इसे लेकर चिंतित होना पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस विकट स्थिति को गंभीरता से लिया है और हाल के वर्षों में बार-बार स्पष्ट किया है कि केवल दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरे देश में पटाखों पर रोक लगनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के आलोक में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अब चाहे दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बर्नीहाट हो या पंजाब व राजस्थान के सबसे अधिक प्रदूषित शहर हों, उन्हें भी पटाखों के नियमन का लाभ मिलना चाहिए। हाल ही में अदालत ने सरकारों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि पटाखों के उत्पादन, बिक्री और भंडारण पर पूर्ण रोक हो, और जो भी इन नियमों का उल्लंघन करे उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। अदालत का यह रुख केवल कानूनी आदेश नहीं है, बल्कि समाज को चेताने वाला संदेश भी है कि अब हमें अपने उत्सवों की परिभाषा बदलनी होगी।

दिल्ली सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा 5 के तहत पटाखों पर पूर्ण और स्थायी प्रतिबंध लागू किया है। इस प्रतिबंध के अनुसार न तो पटाखों का उत्पादन हो सकता है, न बिक्री और न ही भंडारण या उपयोग। यह कदम पर्यावरण और नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए जरूरी था। लेकिन केवल सरकारी आदेश और अदालत के निर्देश काफी नहीं होंगे, जब तक समाज स्वयं अपनी सोच और व्यवहार में बदलाव नहीं लाता। परंपराओं को बदलने में समय लगता है, लेकिन जैसे लोग धीरे-धीरे प्लास्टिक के खिलाफ खड़े हुए और विकल्प तलाशने लगे, वैसे ही आतिशबाजी से मुक्त त्योहारों को भी अपनाया जा सकता है। सवाल यह है कि हम लोग क्यों नहीं सोचते कि हमारे पटाखे जलाने से श्वास रोगों से जूझते तमाम लोगों का जीना दुश्वार हो जाता है। यह एक हकीकत है कि देश के तमाम शहरों में हवा ही नहीं, पानी व मिट्टी तक में जहरीले तत्वों का समावेश हो चुका है। जो न केवल हमारी आबोहवा के लिये बल्कि हमारे शरीर के लिये भी घातक साबित हो रहा है। यही वजह है कि हाल के वर्षों में देश में श्वसन तंत्र से जुड़े रोगों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। साथ ही प्रदूषित हवा के प्रभाव में सांस संबंधी रोगों से लोगों के मरने का आंकक्षा भी बढ़ा है।

कहीं न कहीं हमारे वातावरण में बढ़ता प्रदूषण ग्लोबल वार्मिंग बढ़ाने वाले कारकों में वृद्धि भी कर रहा है। लेकिन पटाखों से होने वाला प्रदूषण ऐसा है जो हमारे संयम के जरिये रोका जा सकता है। चिंता की बात यह है कि पटाखों के जलने से निकलने वाले कण हमारे श्वसनतंत्र को नुकसान पहुंचाने के साथ ही हमारे खून में घुल रहे हैं। जिसमें पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे महीन कण फेफड़ों में प्रवेश करके गंभीर रोगों को जन्म दे रहे हैं। इतना ही नहीं पटाखे जलाने के कारण जहरीली रासायनिक गैसों के रिसाव से हमारे पारिस्थितिकीय तंत्र को गंभीर क्षति पहुंच रही है। इससे ओजोन परत भी क्षतिग्रस्त हो रही है। साथ ही ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन भी हमारे वायुमंडल में जलवायु परिवर्तन के संकटों को बढ़ाने में भूमिका निभा रहा है।

त्योहार और उत्सव हमारे जीवन का हिस्सा हैं। वे सामाजिक जुड़ाव, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक खुशी का प्रतीक हैं। लेकिन जब खुशी मनाने का तरीका ही हमारे स्वास्थ्य और जीवन के लिए संकट बन जाए, तब उस पर गंभीर पुनर्विचार आवश्यक हो जाता है। दीपावली पर पटाखों की परंपरा समाज में गहराई तक पैठ चुकी है। लोग इसे परंपरा, रौनक और आनंद का प्रतीक मानते हैं। अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि 'बिना पटाखों के त्योहार अधूरा लगता है।' लेकिन यह सोच आज के समय में बेहद खतरनाक साबित हो रही है। त्योहार की असली रौनक दीपों की जगमगाहट, परिवार की एकजुटता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामूहिक उत्सवों में है। संगीत, नाटक, कला और पारंपरिक दीपक किसी भी पटाखे से कहीं अधिक स्थायी आनंद दे सकते हैं।

समय आ गया है कि हम यह स्वीकार करें कि आतिशबाजी अब हमारी खुशियों का हिस्सा नहीं रह सकती। खुशियों का असली मतलब है एक-दूसरे के साथ का आनंद, स्वच्छ वातावरण में खुलकर सांस लेना और समाज में शांति और प्रेम का संचार करना। अगर हम चाहते हैं कि हमारी अगली पीढ़ी सुरक्षित और स्वस्थ जीवन जी सके, तो आतिशबाजी को त्यागना ही होगा। सरकारें अपनी नीतियों से इस दिशा में पहल कर चुकी हैं, अदालत ने भी कठोर आदेश दिए हैं, अब बारी समाज की है कि वह अपनी सोच बदले और अपने त्योहारों को पटाखों के बिना भी और अधिक रोशन और सार्थक बनाए। एक नागरिक के तौर पर हमारी जिम्मेदारी व संवेदनशीलता ही हमें इस संकट से उबार सकता है। विगत में सख्त कानून लागू करने के बावजूद नागरिकों के गैर-जिम्मेदार व्यवहार से प्रदूषण का संकट बड़ा ही है। जब हम प्रकृति को नुकसान पहुंचाए बिना त्योहार मनाएंगे, तभी सच्चे अर्थों में हमारे उत्सव जीवनदायी और सार्थक बनेंगे। यही समय है कि हम सामूहिक रूप से एक नई परंपरा गढ़े, आतिशबाजी रहित त्योहारों की परंपरा, ताकि आने वाली पीढ़ियां हमें दोष न दें कि हमने उनके हिस्से की स्वच्छ हवा और सुरक्षित पर्यावरण छीन लिया।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट,
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
मो. 9811051133

## विचार सरिता

# सवाल - जवाब: मन में आने वाले नकारात्मक विचारों को कैसे हटाएँ

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



आज की ज्ञान चर्चा में विवेक ने आचार्य सत्यव्रत से एक सवाल पूछा।वह सवाल कार्य के दौरान मनुष्य द्वारा नकारात्मक सोच से प्रभावित होने को लेकर था। बातचीत इस तरह शुरू हुई।

विवेकः गुरुदेव! मैं कभी-कभी कार्य करने के दौरान हताश हो जाता हूं और कार्य में मनोवांछित प्रगति न होने पर मन खिन्न हो जाता है। नकारात्मक सोच मुझ पर हावी होने लगती है। इसका क्या उपाय है? आचार्य सत्यव्रतः सर्वप्रथम इस बात को स्वीकार करना होगा कि हर कार्य का हमारी आशा के अनुरूप फल मिलना, परिणाम मिलना या उसमें धनात्मक प्रगति होना आवश्यक नहीं है। यह संभव है कि हम कोई कार्य हाथ में लें और उसमें पहले ही चरण में असफलता हाथ लगे तो मन का खिन्न होना स्वाभाविक है, लेकिन इस स्थिति से उबरने के लिए मन में संघर्ष की भावना को बनाए रखना आवश्यक होता है।

### विवेकः वह कैसे गुरुदेव?

आचार्य सत्यव्रतः नकारात्मक विचार असफलता और वांछित प्रगति न होने से मन में आते हैं लेकिन अगर मन में हर असफलता और आशा के अनुरूप परिणाम नहीं आने को भी सहज भाव से लिया जाए और उसमें भी कोई न कोई अच्छा संदेश या अर्थ ढूंढने की कोशिश की जाए तो इससे मन के तराजू में सकारात्मक विचारों का पलड़ा भारी ही रहेगा। धीरे-धीरे मन असफलता में भी भविष्य की त्रुटि रहित तैयारी के सूत्र ढूंढने लगेगा और फिर इससे धीरे-धीरे नकारात्मक विचार हमारे मन से तिरोहित होने लगेंगे। हर चीज में सकारात्मक दिखाई देने लगेगी।

### विवेकः और इस प्रक्रिया में मनोबल कैसे बनाए रखेंगे?

आचार्य सत्यव्रतः उस परम सत्ता के नाम स्मरण से जिनके प्रति हमारी आस्था है और जिनका स्मरण होते ही मन सकारात्मक विचारों से भर उठता है।

## शब्द सामर्थ्य -173

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**
1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 172 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | | म | री | ज | | | |
| ग | ह | न | ता | | ब | र | ब | स |
| | की | | धि | क्का | र | | र | मा |
| | का | | का | | द | बा | खा | ना |
| प | त | वा | र | | स्त | र | | |
| ह | | | | | | दा | मि | नी |
| ना | | ए | ह | ति | या | त | | लां |
| बा | च | क | | हा | | | खु | ब |
| | | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | | र |

## सू- दोकू क्र.173

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.172 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## सामयिक चर्चा

### अब ट्रम्प भी सच कह देंगे

बानी बोले - "सुनिए गजाधर!
आपरेशन सिन्दूर को लेकर
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के
मध्यस्थता वाले दावे पर
पाकिस्तान का बड़ा बयान आया है।
पाकिस्तान के विदेश मंत्री
इशाक डार ने खुद स्वीकार कर,
यह बताया है,
कि आपरेशन सिन्दूर के दौरान
युद्ध विराम का प्रस्ताव
अमेरिका के माध्यम से आया था
लेकिन भारत सहमत नहीं हुआ।
इसका मतलब गजाधर! यह हुआ
कि अब पाकिस्तान ने भी
सीज फायर पर ट्रम्प का दावा खारिज किया।
देर आयद, दुरूस्त आयद,
पाक विदेश मंत्री ने ऐसा बयान तो दिया।
गजाधर! इतना सुनने के बाद
कहिए, आपका मन आपसे क्या कह गया है?"
गजाधर मुस्कराए बोले-
"यही बानी! कि अब बस एक
ट्रम्प को
अपने बार-बार के झुठ पर,
सच कहना रह गया है!"



गिरीश बक्शी

## राशिफल

**मेष** — कुछ नई अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता के लोगों के लिए लाभकारी अवसर मिलेंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित साधन व्यवस्था हेतु चिंतित होंगे।

**वृष राशि** — किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां मन में आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

**मिथुन** — रोजगार में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। रोजगार संबंधी यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल भौतिक इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**कर्क** — सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीतिज्ञों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। सगे-संबंधियों के बीच मधुरता कायम रहेगी।

**सिंह** — पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता के लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। नये दायित्वों की पूर्ति हेतु परिश्रम तीव्र होगा।

**कन्या** — पिता के सहयोग से मुश्किल भरे दिनों में राहत मिलेगी। कुछ असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता ला सकता है। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

**तुला** — भावना से उद्वेलित आपका मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश मन में संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं।

**वृश्चिक** — भौतिक महत्वकांक्षाएं अभावका का एहसास करेंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कार्य को समयानुकूल व सकुशल पूर्ण करने में सक्षम होंगे।

**धनु** — भावनाओं पर नियंत्रण कर दायित्वों के प्रति सजग होना, आपके प्रगति का सूचक है। उच्छृंखलता व ब्यग्रता महत्वपूर्ण क्षेत्रो मे एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**मकर** — महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन हेतु ब्यय के आसार है। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**कुंभ** — किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटुवाणी मन को दुखित कर सकता है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी।

**मीन** — नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र मे मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिन्तित होगा। आवेश व उच्छृंखलता पर नियंत्रण करें।

## व्यंग कविता

### "बाल देवो भव"

विद्यालय है पावन मंदिर, बाल देव प्रतिष्ठित हैं जहाँ।
बने पुजारी देखो शिक्षक, नजरें भर-भर देखो वहाँ।।
कोशिश इनकी रंग लाती, इनसे लगता है माथ तिलक।
जहाँ कहीं भी हम खड़े हैं, उन पाँवों का है बल शिक्षक।।
एक सा दिखते बाल देव पर, रूचि, अभिरुचि अलग-अलग।
पैमानों में कभी नही समाते, सामर्थ्य खूबियाँ विलग-विलग।।
स्नेह की माला सोहे इनको, मौसम से भी शीघ्र बदलते।
मस्तियों के आँगन में भी, कुछ करने को सपन मचलते।।
शुभता का हो नित श्रृंगार, क्षमता इनकी समझो सही।
आशाएँ मचलतीं मस्तियाँ मध्य, अब आकार दो सही।।
पल-पल परिवर्तित प्रवृत्तियों को, कोई भला कैसे नापे।
जैसे परावर्तित रश्मियों को, कोई चाहे भला कैसे ढाँपे।।
इन्हें पढ़ाने से पहले पहल, इनके मन को पढ़ना पड़ता।
कर नियंत्रित अपनी अंगुलियाँ, बिन साँचे गढ़ना पड़ता।।
जब रूठ जाए बाल देव, कभी इन्हें मनाना सरल नहीं।
देवों को पढ़ना कुछ आसां, बाल देव पढ़ाना सहज नहीं।।
ऋचा स्तोत्र मंत्रों से कदाचित, मान भी जाए देव कहीं।
स्व-मान अधिष्ठित बाल देव ये,
प्राण प्रतिष्ठित देव नहीं।।



रोशन साहू
प्र. पा. शास. प्राथ. शाला
भेड़ीकला (राजनांदगांव)

# नवरात्र मेले की व्यवस्था को लेकर सेवा कल्याण परिषद ने एसडीएम व थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े नवरात्र पर्व के दौरान मां बम्लेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में भक्तों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, सामाजिक संस्था छत्तीसगढ़ सेवा कल्याण परिषद ने एसडीएम और थाना प्रभारी को एक ज्ञापन सौंपा है। संस्था ने मेले के दौरान आने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए प्रशासन से कुछ अहम बिंदुओं पर ध्यान देने का अनुरोध किया है।



### रात में पेयजल और सुरक्षा की मांग

परिषद ने अपने ज्ञापन में मुख्य रूप से पेयजल की व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा जगह-जगह प्याऊ बनाए जाते हैं, लेकिन रात के समय यहां पानी उपलब्ध नहीं होता। संस्था ने रात में टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि पैदल यात्रियों को असुविधा न हो। इसके साथ ही, उन्होंने यात्रियों की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया। ज्ञापन में कहा गया है कि अछोली रोड, नाकापारा, बोरतालाव रोड जैसे पैदल रास्तों पर कुछ उपद्रवी तत्व सक्रिय रहते हैं, जो शराब, गांजा, और चाकू जैसी चीजों का इस्तेमाल करते हैं। संस्था ने पुलिस प्रशासन से ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रखने की अपील की है।

### पार्किंग और भीड़भाड़ में सुरक्षा पर ध्यान

परिषद ने पार्किंग स्थलों पर भी बेहतर व्यवस्था की मांग की है। उन्होंने पार्किंग में पर्याप्त रोशनी, पानी, सुलभ शौचालय और गाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा है। साथ ही उन्होंने पार्किंग शुल्क का बोर्ड लगाने और यात्रियों के साथ अच्छा व्यवहार करने की अपील की। ज्ञापन में मां बम्लेश्वरी मंदिर और मेला ग्राउंड में भीड़ का फायदा उठाकर होने वाली आपराधिक घटनाओं, जैसे महिलाओं से छेड़छाड़, दुकानदारों से झगड़ा और झूले में बैठे लोगों को परेशान करने की घटनाओं पर भी पुलिस से कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया गया। ज्ञापन सौंपने वालों में संस्था के अध्यक्ष संगीता जैन, पूजा सिंह, अर्चना सोनपुरे, मोना पूरन हिरोंदिया, जितेंद्र ठाकुर, विशाल सुराणा, सोन कुमार सिन्हा और दिनेश निषाद सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

# अंचल में धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती, प्रतिभाओं को मिला सम्मान

ठेलकाडीह (दावा)। निर्माण और शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती 17 सितंबर को पूरे अंचल में बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अलग-अलग स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाएं स्थापित कर उनकी पूजा-अर्चना की गई। कारीगरों, शिल्पकारों और तकनीकी कर्मचारियों में विशेष उत्साह देखा गया।

### आईबी ग्रुप कंपनी में भी भव्य आयोजन

ग्राम चवेली के महरूम खुर्द स्थित आईबी ग्रुप कंपनी में भी विश्वकर्मा जयंती का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र की जनपद सदस्य मंजू चंदेल उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के रचयिता और वेदों के ज्ञाता हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि को आकार दिया। उसी तरह यदि हम भी अपने चरित्र और संस्कारों को आकार दें तो जीवन बहुत आसान हो जाएगा।

कार्यक्रम में अन्य गणमान्य व्यक्तियों में तिलई मंडल के महामंत्री यशवंत वर्मा, सरपंच अजीत महिपाल, उपसरपंच डोमर वर्मा, सीनियर मैनेजर नितिन कल्पांडे, एडमिन सी.आर. साहू, मैनेजर उत्तम सिन्हा, रमेश वर्मा, चैनकुमार यादव और कंपनी के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर भगवान विश्वकर्मा से जीवन में प्रगति और समृद्धि की कामना की।

# झूठे आरोपों से मेरी छवि धूमिल करने की कोशिश की गई- सरपंच कैलाश ऊके

**जिला अध्यक्ष जसवंत गावडे सहित सामाजिक वरिष्ठ नेताओं को पद से इस्तीफा दे देना चाहिए - अध्यक्ष सरपंच संघ**



डोंगरगढ़ (दावा)। वनांचल क्षेत्र की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत बोरतलाव में चल रहे विवाद पर बुधवार को वर्तमान सरपंच व सरपंच संघ डोंगरगढ़ के अध्यक्ष कैलाश ऊके ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपना पक्ष रखा। उन्होंने जनपद सभापति व पूर्व सरपंच सरिता ओमप्रकाश मंडावी द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। गौरतलब है कि पूर्व सरपंच सरिता मंडावी ने वर्तमान सरपंच कैलाश ऊके पर ग्रामसभा के दौरान जातिगत टिप्पणी करने और अपने कार्यकाल के 6 लाख 18 हजार रुपये सहित अपने सरपंची कार्यकाल का मानदेय का भुगतान रोकने का आरोप लगाया था। उन्होंने इसकी शिकायत अनुसूचित जाति-जनजाति थाना और महिला थाने में की है।

कैलाश ऊके ने कहा कि सभी आरोप निराधार और राजनीति से प्रेरित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामसभा में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे, ऐसे में किसी जाति विशेष पर टिप्पणी करने का प्रश्न ही नहीं उठता। उन्होंने कहा कि पूर्व सरपंच के कार्यकाल में खरीदी गई कई शासकीय सामग्री का निजी उपयोग किया जा रहा था, जिसे वापस करने के लिए कहा गया है। निर्माण कार्यों का इंजीनियर द्वारा सत्यापन और मूल्यांकन होने के बाद ही भुगतान किया जा सकता है। भुगतान रोकने की बात उन्होंने कभी नहीं कही।कैलाश ने कहा कि पूर्व सरपंच ने आवेश में आकर समाज के पदाधिकारियों को गलत जानकारी दी और एससी-एसटी एक्ट का गलत इस्तेमाल कर झूठी शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं और हमेशा महिलाओं का सम्मान करते हैं। ग्रामसभा में मौजूद ग्रामीणों से बयान लेकर सच्चाई सामने आ सकती है।

सरपंच संघ के अध्यक्ष श्री उके ने कहा कि आदिवासी समाज को ढाल बनाकर समाज के वरिष्ठ नेताओं द्वारा उनके अधिकारों का दुरुपयोग किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष जसवंत गावड़े सहित समाज के वरिष्ठ नेताओं को अपने कृत्य के लिए इस्तीफा दे देना चाहिए। इन लोगों ने मिलकर अपने समाज के भोले भाले लोगों को गुमराह किया है। उनके स्थान पर नए और देश व समाज को सही राह दिखाने वाले लोगों को इन पदों पर बैठना चाहिए। जो समाज को सही दिशा में ले जायेंगे। इनके द्वारा किए गए कृत्य से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस पूरे मामले में कैलाश ऊके ने प्रशासन से मांग की कि ग्रामसभा में उपस्थित ग्रामीणों के बयान लेकर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए, ताकि झूठे आरोपों की सच्चाई सामने आ सके। जिला अध्यक्ष जसवंत गावडे द्वारा ऐसे आरोपों पर जवाब देना जरूरी नहीं समझ गया।

## पहला कॉलम...

### बेलगांव में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन



डोंगरगढ़/बेलगांव(दावा)। आयुर्वेद ग्राम बेलगांव में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन ग्राम पंचायत भवन में किया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पूजा अर्चना की गई पूर्व सरपंच छबील राम साहू एवं पंचायत सचिव धीरेंद्र धरम गुड़े द्वारा स्वच्छता का संदेश पढ़कर सुनाया गया तथा ग्राम वासियों को अपने गांव को स्वच्छ रखने के लिए स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रतिमा विष्णु खरे कौशल चंद्रवंशी उप सरपंच योगेश साहू, मुरली गेंडाम, चंद्रशेखर साहू, धरम चंद वर्मा, नेतराम कंवर, गिरधारी कंवर, कुंदन गोस्वामी, हरिश्चंद्र निषाद, संतोष अग्रवाल, इंद्र प्रकाश साहू, स्वच्छता कर्मचारीगण बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### विधायक भोलाराम साहू के नेतृत्व में छुरिया कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक





जोंधरा (दावा)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन द्वारा बिहार में शुरू किया गया वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान अब पूरे देश में जोर पकड़ रहा है। इसी सिलसिले में 18 सितंबर को राजनांदगांव में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए छुरिया में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। यह बैठक खुज्जी विधायक भोलाराम साहू के नेतृत्व में आयोजित की गई।

#### सचिन पायलट और दीपक बैज होंगे शामिल

राजनांदगांव में होने वाले कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज सहित कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शामिल होंगे। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति पर विचार-विमर्श किया। इस बैठक में पूर्व विधायक चन्नी साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रितेश जैन, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा, जिला किसान नेता मदन साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल खान, जिला महामंत्री चुम्मन साहू और पूर्व जनपद सदस्य विपिन यादव सहित कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### तुमड़ीबोड़ भाजपा मंडल ने चलाया स्वच्छता अभियान व किया वृक्षारोपण



डोंगरगांव (दावा)। प्रदेश व जिला भाजपा राजनांदगांव के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत मंडल भाजपा तुमडीबोड़ द्वारा ग्राम तुमडीबोड़ में स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शनि मंदिर प्रांगण की सफाई से हुआ। इसके बाद पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला दुर्गा मंच परिसर के आसपास सफाई की गई। सफाई पूर्ण होने के पश्चात माध्यमिक शाला परिसर में स्कूली बच्चों के बीच केक और मिठाई वितरण कर प्रधानमंत्री का जन्मदिवस मनाया गया तथा बच्चों को उनके जीवन एवं कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। स्वच्छता अभियान के बाद मंडल भाजपा पदाधिकारी पंचायत कोहका सोसायटी धान खरीदी केंद्र पहुंचे। जहां एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 75 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। यह पौधरोपण यशस्वी प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में किया गया। इस अभियान में मंडल अध्यक्ष जागेश्वर यादव, अमरोतन साहू, रामनाथ वर्मा(उपाध्यक्ष), टीकम पटेल, गनेश्वर सिन्हा(महामंत्री), मोहर साहू, गोकुल सिन्हा, हेनु साहू, जीवन पटेल, पितांबर साहू, भारती वर्मा, जितेंद्र सिन्हा, तरुण साहू, मोहन पाल, चंद्रकांत वर्मा, कमलेश वर्मा, प्रभात साहू, लेखराम भारती, नेतराम साहू, लखन सुर्यवंशी, दयाराम साहू सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्वच्छता अभियान प्रभारी शत्रुघन वर्मा एवं सहप्रभारी प्रभात साहू, लेखराम भारती रहे। वहीं एक पेड़ माँ के नाम अभियान की जिम्मेदारी प्रभारी कमलेश साहू और सह प्रभारी भोज ठाकुर व मनोहर साहू ने निभाई। इस अवसर पर मंडल भाजपा तुमडीबोड़ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सेवा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को जनहितकारी कार्यों के साथ मनाया।

# शहर में हफ्ते भर पहले खुली प्रिमियम वाइन शॉप, जिले में बिगड़ती कानून व्यवस्था, और लापरवाह नगरी प्रशासन को लेकर क्रांग्रेसजनों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



खैरागढ़ (दावा)। शहर में हफ्ते भर पहले खुली प्रिमियम वाइन शॉप, जिले में बिगड़ती कानून व्यवस्था, गातापार थाना प्रकरण और शहर में डायरिया बिमारी को लेकर लापरवाह नगर पालिका प्रशासन के विरोध में विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा और जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इसमें नगर में खोली गई प्रीमियम वाईन शॉप, जिले की बिगड़ती कानून व्यवस्था, गातापार थाना प्रकरण और डायरिया बीमारी को लेकर नगर पालिका की लापरवाही जैसे मुद्दों पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई गई। कांग्रेस का कहना है कि सिविल न्यायालय, अटल उद्यान चौक और अस्पताल जैसे सार्वजनिक स्थलों के पास वाईन शॉप खोलना जनभावनाओं के विपरीत है, जिसे तत्काल बंद किया जाना चाहिए। साथ ही गणेश विसर्जन के दौरान युवक की हत्या की घटना को पुलिस की असफलता बताते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई और कानून व्यवस्था सुधारने की मांग की गई।

ज्ञापन में गातापार थाना क्षेत्र में पकड़े गए सोने के प्रकरण को गंभीर भ्रष्टाचार का उदाहरण बताते हुए, उच्च स्तरीय जांच और जिम्मेदार पुलिस कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। इसके अलावा कांग्रेस ने नगर पालिका परिषद की लापरवाही को डायरिया फैलने का कारण बताया और कहा कि स्वच्छ पेयजल, सफाई और स्वास्थ्य सेवाओं में घोर उदासीनता बरती गई है। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की गई और मेन गेट के पास धरने पर बैठे। जिसके बाद कलेक्टर के बुलावे के बाद उन्हें ज्ञापन सौंपा गया है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो पार्टी जनहित में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

इस दौरान यशोदा वर्मा विधायक, गजेन्द्र ठाकरे अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, वरिष्ठ कांग्रेसी मोती लाल जंघेल,शहर अध्यक्ष भिखमचंद छाजेड़, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आकाशदीप सिंह गोल्डी, ब्लाक अध्यक्ष छुईखदान रामकुमार पटेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य निलांबर वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नगर पालिका नेत प्रतिपक्ष दिपक देवांगन, पूरषोत्तम वर्मा, शत्रुघन धृतलहरे, अरूण भारतद्वाज, मंडल अध्यक्ष अरशद हुसैन, जिला युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष नदीम मेमन, पूरन सारथी, यतेंद्र जीत सिंह 'छोटू', मंडल अध्यक्ष राजा सोलंकी, रविन्द्र सिंह गहरवार, सूर्यकांत यादव, भरत चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष नित्य शरण सिंह, संदीप सिरमौर, रिंकू गुप्ता, राजा वर्मा, महेश यादव, डॉ.सरजू वर्मा, भूपेंद्र वर्मा, विनोद सिन्हा, नरेश सिन्हा, कोमल वर्मा, टिकम वर्मा, विनोद यादव, राजू वर्मा, संत निषाद, पत्ते निषाद, सुहैल खान, बसंत साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# स्वच्छता की शपथ लेकर प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान को आगे बढ़ाएंगे : डोंगरगढ़ नगर अध्यक्ष

डोंगरगढ़ (दावा)। महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद ने आज स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर नगर पालिका के अध्यक्ष रमन डोंगरे और उपाध्यक्ष उमामहेश वर्मा ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

### स्वच्छता से ही शहर का नाम रोशन

नगर अध्यक्ष रमन डोंगरे ने कहा कि महात्मा गांधी ने सिर्फ राजनीतिक आजादी का ही सपना नहीं देखा था, बल्कि एक स्वच्छ और विकसित राष्ट्र की भी कल्पना की थी। उन्होंने कहा, स्वच्छता से ही किसी भी शहर की पहचान बनती है। वहीं उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ने प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम अपने आसपास की गंदगी को दूर करें। उन्होंने कहा कि जिस तरह महात्मा गांधी ने गुलामी की बेड़ियों को तोड़ा, उसी तरह हमारा कर्तव्य है कि हम गंदगी को खत्म करके भारत माता की सेवा करें।



### प्रतिवर्ष 100 घंटे श्रमदान की शपथ

इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने मिलकर स्वच्छता की शपथ ली। शपथ में कहा गया कि वे स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहेंगे और प्रतिवर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे का श्रमदान करेंगे। उन्होंने संकल्प लिया कि वे न तो गंदगी करेंगे और न ही किसी और को करने देंगे। इस अभियान की शुरुआत सबसे पहले स्वयं से, फिर परिवार, मोहल्ले, गांव और कार्यस्थल से करने का संकल्प लिया गया। शपथ समारोह के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरौद्र भोई, पार्षद देवेंद्र साखरे और अन्य अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# महंगाई पर कांग्रेस का सरकार पर हमला, महतारी वंदन का पैसा सूद समेत वापस ले रही साय सरकार-दुबे

घुमका (दावा)। छत्तीसगढ़ में बिजली की लगातार बढ़ती दरों को लेकर कांग्रेस ने राज्य की साय सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस नेता पीयूष दुबे ने आरोप लगाया है कि डबल इंजन की सरकार में प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का सुशासन जनता को झटके दे रहा है।



### बिजली दरों में तीन बार वृद्धि, हाफ योजना में भी कटौती

पीयूष दुबे ने कहा कि सरकार बनने के पौने दो साल के भीतर ही तीन बार बिजली की दरें बढ़ाई जा चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई बिजली बिल हाफ योजना की छूट में भी कटौती कर दी गई है, जिससे आम जनता पर महंगाई का दोहरा बोझ पड़ रहा है। दुबे के मुताबिक गरीब जनता की आर्थिक स्थिति से सरकार का कोई वास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि दिहाड़ी मजदूरों और गरीब परिवारों को हजारों रुपए के बिजली बिल भेजकर उनका जीना मुश्किल कर दिया गया है।

### चुनावी वादे जुमला साबित

दुबे ने सरकार के चुनावी घोषणापत्र पर सवाल उठाते हुए कहा कि 24 घंटे बिजली देने और अनियमित बिजली बिलों से राहत देने का वादा एक जुमला बनकर रह गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि साय सरकार महतारी वंदन योजना के नाम पर गरीब महिलाओं को चवन्नी दे रही है, जबकि बिजली के बढ़े हुए बिलों के जरिए उनसे रुपया वापस लिया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ में बिजली के पर्याप्त संसाधन और उत्पादन होने के बावजूद यहां के लोगों से कई गुना अधिक बिल वसूला जा रहा है। जिसका करारा जवाब जनता आने वाले समय में जरूर देगी।

# केन्द्रीय विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास और श्रेष्ठता के लिए कार्यरत रहे : कलेक्टर

खैरागढ़ (दावा)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में 17 सितंबर को विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रथम अर्धवार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के कलेक्टर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में इस बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने कार्य सूची के विभिन्न बिंदुओं के अनुरूप बैठक की कार्यवाही का संचालन किया। इस दौरान कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने विद्यालय के कार्यों के संबंध में अनेक निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों के कल्याण और सर्वांगीण विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक स्तर के साथ-साथ अन्य अधोसंरचना के विकास के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार द्वारा पेयजल की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए पर्याप्त पेयजल व्यवस्था के लिए बोरवेल खनन करवाने के निवेदन पर सहमति व्यक्ति की।



कलेक्टर ने विद्यालय की मांग पर मैदान के मध्य के बिजली के तारों को हटवाने, मैदान के चारों ओर रोड के निर्माण आदि के संबंध में संबंधित विभागों से सहयोग लेकर प्राक्कलन बनवाकर मदद का हर संभव प्रयत्न करने के निर्देश भी बैठक में उपस्थित जिला प्रशासन के उच्च अधिकारी को दिए। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने विद्यालय के विभिन्न वर्तमान और भावी निर्माण कार्यों तथा अन्य योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा की और विद्यालय की पहल पर हरसंभव सहयोग उपलब्ध करवाने की बात भी कही। उन्होंने विगत वर्ष के परीक्षा परिणाम की प्रशंसा करते हुए आवश्यकता वाले विषयों के लिए विशेष निदानात्मक शिक्षण की कक्षाएं संचालित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पढ़ाई और खेलकूद तथा अन्य गतिविधियों के साथ-साथ प्रादर्शों के निर्माण और विज्ञान आधारित प्रदर्शनी के आयोजन पर भी बल दिया। उन्होंने प्रस्तावित कार्यों के लिए विविध प्रक्रियाओं का पालन करने का निर्देश देते हुए उनकी पूर्णता हेतु अनुमोदन भी प्रदान किया। उन्होंने विभिन्न कार्यों के लिए विद्यालय द्वारा किए जा रहे सार्थक प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया।

प्रारंभ में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण कर और उनके समक्ष दीप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया। केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। बैठक प्रारंभ होने के पूर्व कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल द्वारा कक्षा 12 वीं व 10वीं बोर्ड की परीक्षा में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम प्रदान करने के लिए विद्यालय के शिक्षकों डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय, जसवंत सिंह, श्रीमती मोलिना घोष, श्रीमती अमृता चौधरी, घनश्याम गिरिया, सुश्री पलक, सुदीप आर्य एवं सुश्री गीतांजली को उत्कृष्टता का प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैठक में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के साथ-साथ संयुक्त कलेक्टर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के नामित अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, समिति के सदस्य सचिव एवं विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार, सदस्यों के रूप में अभिभावक सदस्य निखिल सिंह और श्रीमती प्रिया जैन तथा अध्यापक प्रतिनिधि डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय समेत अन्य सदस्य एवं विद्यालय के शिक्षकगण शामिल थे। बैठक के उद्घाटन सत्र का संचालन अध्यापक संदेश निनावे ने किया। समापन अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक डॉ. योगेंद्र पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

# गुप्ता समाज में जनगणना को लेकर हुई बैठक



**सामाजिक बंधुओं का होगा निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन**

डोंगरगांव (दावा)। सामाजिक जनगणना सहित अन्य विषयों पर 16 सितम्बर मंगलवार को राजनांदगांव स्थित प्रदेश अध्यक्ष कार्यालय में श्री बागेश्वर कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश समिति के पदाधिकारियों की बैठक आहूत की गई। इस गरिमामय बैठक में उपस्थित छत्तीसगढ़ के सामाजिक जनगणना प्रभारियों ने अपना कार्य पूर्ण कर प्रदेश अध्यक्ष आशीष गुप्ता को अग्रिम कार्यवाही के लिए सौंप दिया है। इसी के साथ छत्तीसगढ़ में उपस्थित कसौंधन वैश्य समाज के सभी सामाजिक बंधुओं के लिए एक सुसज्जित डायरेक्टरी का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है, जो कि प्रदेश कार्यकारिणी की एक बड़ी उपलब्धि होगी। इस अवसर पर राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, भाटापारा, डोंगरगांव, रायपुर, करगी रोड कोटा सहित अन्य स्थानों से पहुंचे सभी सामाजिक बंधुओं के इस पुनीत कार्य का काफी सराहा जा रहा है। इस बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष द्वारा सामाजिक बंधुओं का मोतियाबिंद ऑपरेशन करवाने की घोषणा की है। जिसका सभी पदाधिकारियों ने समर्थन किया और शीघ्र ही इसके लिए रजिस्ट्रेशन कार्य प्रारंभ होगा, जिससे समाज के जरूरतमंद तबके को निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन तथा लेंस का लाभ मिल सकेगा।

# बालाजी अस्पताल पर लगे आरोप निराधार, परिजन और प्रबंधन ने सामने रखी सच्चाई

खैरागढ़ (दावा)। बालाजी हॉस्पिटल पर लगे मनमानी वसूली के आरोप निराधार साबित हुए हैं। हाल ही में भर्ती हुई गर्भवती मरीज के परिजन अजय देवदास ने मीडिया में आरोप लगाया था कि अस्पताल ने तय रकम से अधिक बिल बनाया है,लेकिन सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में न केवल अस्पताल प्रबंधन ने दस्तावेजों के साथ अपना पक्ष रखा बल्कि मरीज के परिजन ने भी स्वीकार किया कि गरीबों के कारण उनका उद्देश्य केवल बिल की राशि कम करवाना था न कि अतिरिक्त वसूली का आरोप लगाना।।



मरीज के परिजन बोले- बिल कम करवाना था अतिरिक्त रूपये वसूली का आरोप गलत

### नाजुक हालात में बिना पैसे लिए किया गया उपचार

अस्पताल प्रबंधक दुष्यंत अग्रवाल ने बताया कि गर्भवती महिला को अत्यंत नाजुक अवस्था में भर्ती किया गया था। पेट में पल रहा भ्रूण गर्भाशय से अलग हटकर विकसित हो रहा था। जिससे मरीज के पेट में भारी रक्तस्राव हो रहा था। ऐसी गंभीर स्थिति में बिना कोई रकम लिए पहले उपचार शुरू कर मरीज और शिशु की जान बचाने की कोशिश की गई। बाहर से विशेषज्ञ चिकित्सक बुलाकर ऑपरेशन कराया गया,वहीं चार बोतल तत्काल खून एवं प्लाज्मा की व्यवस्था की गई और मरीज को चढ़ाया गया तब जाकर मरीज की जान बच पाई। प्रबंधन ने उपचार संबंधी दस्तावेज भी दिखाए और कहा कि यह किसी भी चिकित्सालय के लिए एक मानवीय पहल मानी जानी चाहिए।

### बिल में दी गई छूट, आर्थिक सहयोग भी किया गया

अस्पताल के डायरेक्टर दुष्यंत अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि इलाज के बाद कुल बिल 70 हजार रुपए से अधिक था ।।लेकिन मरीज की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए 30 हजार रुपए से अधिक की राशि का सहयोग किया गया है,साथ ही अस्पताल ने अतिरिक्त आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया।।

### मीडिया में चली खबरें निकली भ्रामक

प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रबंधन ने कहा कि कुछ मीडिया संस्थानों में प्रसारित खबरें एकतरफा और भ्रामक थी। परिजन के बयान को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करने से अस्पताल की छवि धूमिल करने का प्रयास हुआ,वहीं अस्पताल प्रबंधन का वास्तविक पक्ष भी नहीं लिया गया। भर्ती मरीज के पति अजय देवदास निवासी ग्राम जोरातराई खैरागढ़ ने भी माना कि एक व्यक्ति के भड़कावे में आकर उन्होंने पहले जल्दबाज़ी में बयान दिया था। अब वे स्पष्ट कर रहे हैं कि उनकी शिकायत केवल बिल की राशि कम करने को लेकर थी। पत्रकारवार्ता के बाद अस्पताल प्रबंधन और मरीज की ओर से आए महत्वपूर्ण पहलू जिसे जानना जरूरी है:-

### बालाजी अस्पताल ने नाजुक मरीज को बिना पैसे दिए बचाया, आरोप निकले बेबुनियाद

*आर्थिक सहयोग के साथ इलाज, अस्पताल प्रबंधन ने रखा दस्तावेजी पक्ष*
*मरीज के परिजन ने मानी गलती- बिल कम करवाने को दिया था बयान*
*भ्रामक खबरों से अस्पताल की छवि धूमिल करने का प्रयास असफल*

# स्वास्थ्य और पोषण का पावर हाउस नींबू



गंडई पंडरिया (दावा)। नींबू फल जो 'विटामिन सी से भरपूर, स्वास्थ्य का खट्टा साथी है, नींबू का इस्तेमाल हर घर में होता है, लेकिन कई बार नींबू का पेड़ लगाने के बाद भी वह ठीक से बढ़ नहीं पाता और उसकी पत्तियां पीली पड़ने लगती हैं। जिसके कारण पौधे खराब हो जाते है और पौधे में भी फल नहीं लग पाते है।

पाठकों को बता दे कि बारिश के मौसम में पेड़-पौधे लगाने के लिए सबसे परफेक्ट समय होता है। ऐसे में कई लोग अपने घर, गार्डन में नींबू का पौधा लगाते हैं। दरअसल, नींबू हेल्थ के लिए काफी बेहतर माना जाता है। इसके सेवन से कई तरह के फायदे होते हैं। वहीं, कई बार बारिश के मौसम में पौधे तो लगा देते हैं, लेकिन उनकी शिकायत रहती है कि यह पौधा ठीक से नहीं बढ़ पा रहा है। लगाने के कुछ ही दिनों बाद इसकी पत्तियां पीली पड़ने लगती हैं। जिसके कारण पौधा अच्छा फल नहीं देता है। इसका कारण मिट्टी में रसायनिक खाद्य की बहुलता के कारण मिट्टी की जैविक शक्ति नष्ट हो गई है,मिट्टी की जैविक शक्ति व अच्छे पौधा के ग्रोथ के लिए मिट्टी में केंचुआ का उपयोग करके मिट्टी की उर्वरक शक्ति को बढ़ाया जा सकता है। मिट्टी में केंचुआ की जनसंख्या लगभक वर्तमान में खत्म होने वाली है जिसका कारण किसान की आवश्यकता है।

किसान अपनी फसल की पैदावार अधिक करने के लिए बहुत प्रकार के रसायनिक खाद्य का उपयोग करके केंचुआ को नष्ट कर दिए साथ ही मिट्टी की उर्वरक शक्ति को भी खत्म कर दिए जिसके कारण मिट्टी में कोई भी पौधा लगते है तो अच्छे से ग्रोथ नहीं कर पाते और बहुत प्रकार के पौधे को बीमारी हो जाती है। पाठकों को बता दे कि पौधे की अच्छी ग्रोथ और फल प्राप्त करने के लिए रसायनिक खाद्य को कम करके जैविक खाद्य का अधिक उपयोग करके भी मिट्टी की उर्वरक शक्ति को बढ़ाया जा सकता है नींबू के पौधे को पर्याप्त मात्रा में धूप की जरूरत होती है। ऐसे में पौधे को गमले में लगे हुए हैं, तो इसे हर रोज कुछ समय के लिए धूप में रखना चाहिए। दरअसल, नींबू के पौधे पर धूप नहीं पड़ती है, तो इसके पत्ते पीले होने लगते हैं। नींबू के पौधे को नमी बहुत पसंद होती है। ऐसे में इसमें समय-समय पर पानी जरूरत होती है, अगर गमले की मिट्टी में नमी हो, तो पानी डालने से बचना चाहिए। 2-3 दिन में पानी लगातार डालते रहना चाहिए। नींबू के पौधे को बढ़ने के लिए पानी के साथ-साथ खाद की भी जरूरत होती है। ऐसे में हर 15 दिन पर गोबर की खाद, नीम की खली या केंचुआ खाद डाल सकते हैं। इससे पौधे को पोषण मिलता रहेगा और इसकी जड़ें भी मजबूत बनेंगी।

# शास. नेहरू महाविद्यालय में कैंपस सिलेक्शन का आयोजन

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती के उपलक्ष्य में संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. ई.वी. रेवती एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष जी.के. यादव के निर्देशन में कैंपस सिलेक्शन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के पीजी एवं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



विभिन्न बैंकिंग संस्थानों के प्रतिनिधियों ने अपनी कंपनी में रोजगार के अवसर पर दी जानकारी

कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराना तथा उनकी शिक्षा को सार्थक बनाना था। रोजगार मेला में विभिन्न कंपनियों के अधिकारी उपस्थित रहे। इनमें इसाफ बैंक से प्रवीण कुमार, एयरटेल पेमेंट बैंक से अब्दुल अरशद, एच डी एफ सी बैंक से अमित सिंह, भारतीय जीवन बीमा निगम से पुनाराम सिन्हा तथा प्रथम संस्था से प्रदीप सिन्हा ने उपस्थित होकर अपनी संस्था की कार्यप्रणाली, रिक्त पदों एवं वांछित योग्यताओं की जानकारी दी। विद्यार्थियों की रुचि व योग्यता को देखते हुए भविष्य की नियुक्तियों के लिए रिज्यूमे एकत्र किए गए। अध्यक्षीय उद्बोधन में विभागाध्यक्ष जी.के. यादव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें आने वाले समय में बेहतर रोजगार अवसरों के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन पुर्वेश बांधव तथा आभार प्रदर्शन सहा.प्राध्या. बी.पी. साहू ने किया।



# युगांतर के तीन विद्यार्थियों का लिटिल मास्टर शतरंज में शानदार प्रदर्शन

राजनांदगाँव (दावा)। शिक्षा, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के छात्र कुशाग्र गुप्ता कक्षा छठवी, केतन गुप्ता, सक्षम जांगड़े कक्षा आठवी ने लिटिल मास्टर शतरंज चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए विशेष पुरस्कार अर्जित किया।

इन तीनों विद्यार्थियों को भारत के तीसरे ग्रेंड मास्टर प्रवीण थिप्से के मुख्य आतिथ्य में विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया गया। विगत दिवस लिटिल मास्टर शतरंज चैम्पियनशिप छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ और अंबुजा सिटी मॉल के संयुक्त तत्वावधान में रायपुर में आयोजित हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, शतरंज कोच रामप्रसाद पाल तथा प्रबंध समिति ने इन तीनों विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

# विज्ञान संकाय द्वारा रजत जयंती के अवसर पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती समारोह अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही.रेवती के दिशा-निर्देशन एवं विज्ञान संकायाध्यक्ष अविनाश सिंह नेतृत्व में विज्ञान संकाय द्वारा 11 सितम्बर को एक दिवसीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवल एवं माल्यार्पण कर किया गया।



उक्त क्विज प्रतियोगिता तीन चरणो में आयोजित की गई थी। प्रथम चरण में विज्ञान संकाय से संबंधित प्रश्न पूछे गये थे। द्वितीय चरण में छत्तीसगढ़ राज्य के सामान्य अध्ययन से संबंधित 15 प्रश्न थे एवं तृतीय चरण में छत्तीसगढ़ के कला, संस्कृति, भूगोलिक संरचना एवं इतिहास से संबंधित 10 प्रश्न थे। प्रथम चरण में प्रश्नों के उत्तर हेतु 20 सैंकेड का समय निर्धारित किया गया था। उक्त प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान संकाय के अतिरिक्त छत्तीसगढ़ राज्य के सामान्य ज्ञान के प्रति जागरूक करना था। प्रतियोगिता में लगभग 200 विद्यार्थियों में भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान दिव्या डडसेना एवं दिव्य किरन को प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान चंदन कुमार एवं निधि वर्मा को प्राप्त हुआ एवं तृतीय स्थान गुंजन एवं सुजाता बेहरा ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। विजेता छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में प्राध्यापकगण जी.के यादव, ओम प्रकाश वर्मा, अविनाश सिंह, डॉ गोकुल साहू, गौरव तिवारी, पूर्वेश बांधव, डॉ. निर्वेद कुमार शर्मा, श्रीमती देवश्री देवांगन, श्रीमती तूलिका चक्रवर्ती, खोमेश दास जंघेल, सुश्री अंकिता जाम्बुलकर एवं सुश्री रामेश्वरी उपस्थित रहे।

# सेवा पखवाड़ा के लिए कार्यशाला का आयोजन




गंडई पंडरिया (दावा)। भाजपा मंडल गंडई द्वारा सेवा पखवाड़ा हेतु कार्यशाला का कार्यक्रम गंडई मंगल भवन में आयोजित किया गया डॉ. बैठक में सेवा पखवाड़ा को लेकर कार्य योजना बनाई गई. प्रदेश एवं जिला के मार्गदर्शन से सेवा पखवाड़ा का आगाज किया जायेगा. बैठक में कार्यक्रम को गति देने और उनमे सहभागिता देने की रुपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि राकेश ताम्रकार, जिला महामंत्री टी.के. चंदेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश मेहता, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, अनु.जाति जिला अध्यक्ष जीवनदास रात्रे, निकाय उपाध्यक्ष श्यामपाल ताम्रकार, अनु.जाति गंडई मंडल अध्यक्ष राकेश टंडन, लीला साहू, भीखू हिरवानी, धरमु पटेल, मंगल चंद जैन, विक्की कुर्रे, टूम्मन साहू, भानु साहू, सुमन पाटले, यतीश कुंजाम, रोशन ताम्रकार,अशोक पटेल, सुखदेव पटेल, अशोक देवांगन, धर्मेंद्र पटेल सहित अन्य बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रजत जयंती पखवाड़ा तिलईरवार में मनाया गया

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में 28 अगस्त से 7 सितंबर 2025 तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ रजत जयंती पखवाड़ा मनाया गया । इन गतिविधियों मे विद्यालय एवं ग्राम स्तर पर अलग- अलग विधा मे जैसे वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, इतिहास लेखन, पुस्तक वाचन, स्पीड पुस्तक वाचन, चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, शिक्षक सम्मान समारोह, एलुमिनी बैंठक, विद्यालय विकास प्रदर्शनी, क्विज प्रतियोगिता व्यवसायिक कौशल विकास, भाषण प्रतियोगिता-मेरे सपनों का स्कूल, सांस्कृतिक प्रदर्शनी आदि गतिविधियों को छात्र-छात्राओं की सहभागिता में कार्यक्रम किया गया। इन सभी कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता द्वारा किया गया।



संस्था प्राचार्य अशीम कुमार यदु द्वारा सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया। इन सभी कार्यक्रम मे संस्था के अशीम कुमार यदु, थंगेश्वर कुमार साहू, श्रीमति अनुराधा ढोक, श्रीमति रेखा मुरकुटे,श्रीमति सरोज भुआर्य, जानकी वल्लभ तम्बोली, राजेश कुमार नेताम, जितेन्द्र कुमार कश्यप, नोहर दास लिल्हारे, पालकराम वर्मा, हरिचंद यादव, आशीष मसीह, रीचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर आदि सभी स्टॉफ सदस्यों की उपस्थिति एवं सहभागिता रही।



# टटेंगा विद्यालय में चला स्वच्छता पखवाड़ाह

रदी (दावा)। राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता शपथ दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य आरके देवांगन ने विद्यार्थियों और समस्त शिक्षकों को संबोधित करते हुए स्वच्छता को अपने कार्य व्यवहार में उतरने की बात कही। इससे हम सभी शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। यह हमें बीमारियों से दूर रखती है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता अजय पाठक ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, चंद्र प्रकाश सोनबोईर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, बिंदु पटेल, बिंदु साहू उपस्थित थे।

# वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्टीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय के नए भवन प्रांगण में साप्ताहिक गतिविधि अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमति ई.वी. रेवती मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में एन.एस.एस. के पुरुष कार्यक्रम अधिकारी एच.आर. पदमें, महिला कार्यक्रम अधिकारी नीलम चतुर्वेदानी, दलनायक चंद्रदेव वर्मा, दलनायिका हेमलता, उपदलनायक लोकेश्वर पटेल तथा उपदलनायिका डीकेश्वरी सहित सभी वॉलेंटियर्स उत्साहपूर्वक शामिल हुए।कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर को बढ़ावा देना था। वृक्षारोपण के दौरान सभी ने पौधों की देखभाल करने एवं परिसर को स्वच्छ तथा हराभरा बनाए रखने का संकल्प लिया।

## शेष प्रथम पेज का

**ईवीएम में पहली बार उम्मीदवारों....**

ईवीएम मतपत्रों की स्पष्टता और पठनीयता बढ़ाने के लिए उनके डिजाइन और मुद्रण के लिए चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 49बी के तहत मौजूदा दिशानिर्देशों को संशोधित किया है। बयान में कहा गया है, यह पहल चुनाव प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और बेहतर बनाने तथा मतदाताओं के लिए सुविधा बढ़ाने के लिए पिछले 6 महीनों में ईसीआई द्वारा पहले ही की जा चुकी 28 पहलों के अनुरूप है। बिहार विधानसभा चुनाव में इस नई व्यवस्था को पहली बार लागू किया जाएगा। चुनाव आयोग का मानना है कि रंगीन तस्वीरें और स्पष्ट सीरियल नंबर से मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और मतदाताओं का भरोसा मजबूत होगा। इसके साथ ही, यह तकनीकी बदलाव मतदान के दौरान होने वाली गलतियों को भी कम करेगा। राजनीतिक दलों ने इस कदम का स्वागत किया है, हालांकि कुछ ने इसे लागू करने की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। चुनाव आयोग ने सभी दलों को गाइडलाइन का पालन करने और समय पर उम्मीदवारों की तस्वीरें उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

**देशभर में होगा SIR: दस्तावेजों की....**

2 दिसंबर 2004 के बीच हुआ है, उन्हें माता-पिता का जन्म-प्रमाण पत्र देना होगा। चुनाव आयोग ने SIR की शुरुआती प्रक्रिया में 11 दस्तावेज मान्य किए थे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर आधार कार्ड को 12वां दस्तावेज माना गया। राज्यवार जरूरतों के अनुसार कुछ दस्तावेज घटाए-बढ़ाए जा सकते हैं। बिहार से मिला अनुभव, अब पूरे देश में होगा सुधार चुनाव आयोग ने बिहार में हुए SIR से कई सबक लिए हैं। मतदाता फॉर्म भरने की अवधि 30 से बढ़ाकर 45 दिन की जा सकती है। ड्राफ्ट लिस्ट पर आपत्तियों के लिए भी 45 दिन का समय मिलेगा। दस्तावेजों की जांच के लिए 1 माह का समय तय किया जाएगा। यानी पूरी प्रक्रिया 4 से 5 महीने के दौरान पूरी की जाएगी। देशव्यापी एसआईआर के लिए चुनाव आयोग ने करीब 2 लाख नए बूथ लेवल ऑफिसर नियुक्त करने की योजना तैयार की है। बताया कि 250 घरों के बीच कम से कम एक बीएलओ की तैनात किए जाएंगे। राज्य निर्वाचन अधिकारियों को वेबसाइट पर पुरानी संशोधित सूचियां अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह कवायद किसी राज्य विशेष के चुनाव से नहीं जुड़ी है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर मतदाता सूची को अद्यतन करने की नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है।

**धार की धरती से पीएम मोदी का देश....**

लेकिन, ये पूरे भारत के लिए हो रहा है। आज यहां से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार जैसे महाअभियान की शुरूआत हो रही है। नारी शक्ति राष्ट्र की प्रगति का मुख्य आधार है। घर में मां ठीक रहती है तो पूरा घर ठीक रहता है। अगर, मां बीमार हो जाए तो परिवार की सारी व्यवस्थाएं चरमरा जाती है। इसलिए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान माताओं को समर्पित है। इसका मकसद है एक भी महिला जानकारी के अभाव में किसी भी बीमारी का शिकार ना हो। ऐसी बीमारियां जिनका महिलाओं को सबसे ज्यादा खतरा है, उन्हें शुरूआत में पकड़ना जरूरी है। कैंसर जैसी भयंकर बीमारियों की जांच शुरूआत में ही की जाएगी। पीएम ने कहा, हमने प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना का फायदा साढ़े 4 करोड़ गर्भवती महिलाओं को मिल चुका है। 19 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि देश की माताओं-बहनों के खाते में पहुंच चुकी है। अभी एक क्लिक पर 15 लाख से ज्यादा महिलाओं को मदद भेज दी गई है, चार करोड़ से ज्यादा रुपए उनके खातों में जमा हो गए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती से एक और अभियान की चर्चा करना चाहता हूं। आदिवासी इलाकों में सिकल सेल एनीमिया बड़ी बीमारी होती है। एमपी से ही 2023 में सिकल सेल स्क्रीन का कार्ड मिलना शुरू हुआ था। आज एमपी में ही एक करोड़ वां कार्ड दिया गया है। अब तक इस अभियान के तहत पांच करोड़ से ज्यादा लोगों की स्क्रीनिंग हो चुकी है। इससे लाखों लोगों का जीवन सुरक्षित हुआ है। ये काम आने वाली पीढ़ियों के लिए है। आज लोग स्वस्थ हो जाएंगे तो आने वाली पीढ़ियां स्वस्थ हो जाएंगी।

**देश के लिए त्याग, तपस्या और सर्वस्व....**

उन्होंने कहा कि करोड़ों देशवासियों के जीवन में अकल्पनीय परिवर्तन लाकर 'विकसित' और 'आत्मनिर्भर भारत' की निर्माण यात्रा से उन्हें जोड़ने वाले मोदी जी पर पूरे देश को गर्व है। अमित शाह ने कहा, बीते चार दशकों से मैं पीएम मोदी को अलग-अलग दायित्वों में देख रहा हूं। चाहे वे संघ के प्रचारक हों, भाजपा के संगठन मंत्री, गुजरात के मुख्यमंत्री या बीते 11 वर्षों से देश के प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी ने हमेशा राष्ट्र प्रथम को आगे और स्वयं को पीछे रखा है। मेरे जैसे कार्यकर्ता सौभाग्यशाली हैं, जिन्हें उनके साथ उनकी हर भूमिका में कार्य करने का अवसर मिला। चाहे कोई भी दायित्व हो, पीएम मोदी ने हमेशा रचनात्मक कार्यों और निर्णयों को बढ़ावा दिया। यह हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए हर्ष का विषय है कि उनके हर निर्णय ने देश को सदैव आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा, समस्याओं को दूरदृष्टि से देखना और उनका पूरी निष्ठा से समाधान करना पीएम मोदी के व्यक्तित्व की खासियत है। पूरा विश्व उन्हें प्रॉब्लम-सॉल्विंग लीडर मानता है। युद्धों, तनावों और ग्लोबल लॉबी के दौर में मोदी जी पूरी दुनिया के सामने संवाद-सेतु बनकर उभरे हैं।

**पायलट बोले-वोट चोरों को....**

बिजली का बिल 500 की जगह 2000 आ रहा है। 10 हजार स्कूल बंद हो गए। अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं। वहीं नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि वोटों की चोरी कर जो राज कर रहा है, उसका नाम है नरेंद्र मोदी। कांग्रेस विधायक देवेंद्र ने कहा कि भाजपा ने वोट चोरी को धंधा बना लिया है, इसीलिए वे लगातार सत्ता में आ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी का एक-एक सिपाही वोट चोरी के खिलाफ लड़ेगा। बता दें कि पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव खुद कार ड्राइव करते हुए कोरबा से बेलतरा पहुंचे। काफिले में उनके साथ अगली सीट पर सचिन पायलट थे, जबकि कार में चरणदास महंत, दीपक बैज और ताम्रध्वज साहू भी मौजूद थे। इस पर बेलतरा से भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि जनता के जनादेश से श्वङ्करू पीड़ति कांग्रेस नेताओं ने मानसिक संतुलन खो दिया है। राजस्थान में मुख्यमंत्री न बनने की पीड़ा लेकर आए पायलट अब छत्तीसगढ़ में भी लैंड नहीं कर पा रहे हैं। अगर पायलट बेलतरा आए हैं तो सेंदरी भी आएं, मैं खुद मानसिक चिकित्सालय में उनका इलाज कराऊंगा।

**अबूझमाड़ में पांच महिला समेत**

मच गया। वहीं, इस घटना की जानकारी लगते ही पुलिस टीम भी आ पहुंची। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। इसके अलावा गांव के लोगों ने बताया कि 4 वर्ष पहले नक्सलियों ने मृतक ग्रामीण के बेटे हरेंद्र कोर्राम की भी हत्या कर दी थी। नक्सलियों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की सीमा पर महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में दो महिला माओवादियों के मारे जाने की खबर है। इससे पहले पूर्वी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में एक मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत कम से कम चार नक्सली मारे गए थे। पुलिस के एक बयान में कहा गया था कि यह घटना गढ़चिरौली और छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले की सीमा के पास हुई। पुलिस को 25 अगस्त को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि गट्टा दलम कंपनी नंबर 10 और गढ़चिरौली डिवीजन के अन्य माओवादी संगठन कोपरशी वन क्षेत्र में मौजूद हैं। जिसके बाद सुरक्षाबलों ने घेराबंदी की थी।

**सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार....**

आप क्यों कतरा रहे हैं? सीजेआई ने कहा कि मैंने अखबारों में पढ़ा था कि पराली का इस्तेमाल जैव ईंधन के रूप में भी किया जा सकता है। हम इसे पांच साल की प्रक्रिया नहीं बना सकते। शुरुआत में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पराली को जलाने के बजाय जैव ईंधन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है और जोर देकर कहा कि अगर राज्य वास्तव में पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है, तो उसे कड़े दंडात्मक प्रावधानों पर विचार करना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा ने कहा कि पंजाब सरकार ने पहले ही कई कदम उठाए हैं। प्रदूषण का स्तर धीरे-धीरे कम हो रहा है। पिछले साल इसमें कमी आई थी और अब इसमें और कमी आएगी। तीन वर्षों में बहुत कुछ हासिल किया गया है। इस वर्ष और भी अधिक हासिल किया जाएगा। हाल के वर्षों में पराली जलाने की घटनाओं की संख्या 77,000 से घटकर 10,000 रह गई है। उन्होंने कहा कि लगभग एक हेक्टेयर जमीन जोतने वाले छोटे किसानों को गिरफ्तार करने से उन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है और अगर उन्हें गिरफ्तार किया गया तो उनके आश्रितों को भी नुकसान होगा। जब पूछा गया कि किस कानून के तहत पराली जलाने पर रोक है, तो एक वकील ने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम (ईपीए) का हवाला दिया। हालांकि अदालत ने कहा कि कानून के तहत आपराधिक मुकदमे के प्रावधान हटा लिए गए हैं।

**सीएम विष्णुदेव ने पीएम नरेंद्र मोदी....**

जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0, सीएसपीडीसीएल, क्रेडा की पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, कचरा संग्रहण एवं उसके प्रबंधन की प्रक्रिया संबंधी मॉडल तथा स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों के स्टालों का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने खुशियों का ठेला के अंतर्गत महिला वेंडर्स को भी प्रोत्साहित किया और उन्हें ऑनलाइन लेन-देन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए यूपीआई साउंड बॉक्स डिवाइस प्रदान किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, विधायक सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सीएम साय ने पीएम मोदी को बधाई देते हुए ट्वीट कर लिखा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी कुशल संगठन शिल्पी, अद्भुत प्रशासक और वैश्विक नेता हैं। मां भारती के वैभव को पुनः स्थापित कर भारत की छवि को विश्व शिखर तक पहुंचाने के लिए हम सदैव उनके आभारी हैं।

**पीएम मोदी के जन्मदिवस....**

के लिए सिकल सेल एनीमिया मिशन की शुरुआत शहडोल से की गई थी। अब तक 5 करोड़ से अधिक स्क्रीनिंग पूरी हो चुकी है और 1 करोड़ कार्ड जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान से आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित हो रही हैं। प्रधानमंत्री ने गरीबों और किसानों को योजनाओं के केंद्र में बताते हुए कहा कि मुफ्त राशन से लेकर आयुष्मान कार्ड तक, सरकार की हर योजना गरीब के जीवन को बदलने के लिए है। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ चुके हैं और यह मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पीएम मित्र पार्क और पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी साझा करते हुए कहा कि इससे लाखों रोजगार सृजित होंगे और छोटे कारीगरों को नई पहचान मिलेगी। त्योहारों के अवसर पर उन्होंने स्वदेशी अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि 'जो भी खरीदें, वह स्वदेशी हो, ताकि पैसा देश में रहे और विकास की गति तेज हो। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता और नेतृत्व ने भारत को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई है। नारी शक्ति, युवा शक्ति, गरीब और किसान को विकसित भारत के चार स्तंभ मानकर जो योजनाएं उनके नेतृत्व में शुरू की गई हैं, वे देश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं। उन्होंने कहा कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविरों में महिलाओं की टीबी, एनीमिया और कैंसर जैसी बीमारियों की मुफ्त जांच व दवाई उपलब्ध कराई जाएगी। यह मातृशक्ति के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

**जन्मदिन पर मिली बधाइयों से पीएम.....**

उन्होंने लिखा कि आपने जो अनगिनत शुभकामनाएं और मुझ पर जो विश्वास जताया है, वह मेरे लिए अपार शक्ति का स्रोत है। मैं इन्हें सिर्फ अपने लिए ही नहीं, बल्कि एक बेहतर भारत के निर्माण के लिए हम सब मिलकर जो काम कर रहे हैं, उसके लिए भी एक आशीर्वाद मानता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि मैं संकल्प लेता हूं कि विकसित भारत के अपने सपने को साकार करने के लिए और भी अधिक ऊर्जा और समर्पण के साथ काम करता रहूंगा। मैं व्यक्तिगत रूप से शुभकामनाओं का उत्तर नहीं दे पाया हूं, लेकिन मैं फिर कहूंगा। इस स्नेह ने मेरे दिल को गहराई से छू लिया है। मैं सभी के उत्तम स्वास्थ्य और कल्याण की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में लोग विभिन्न सामाजिक सेवा कार्य कर रहे हैं, जिनमें से कई आने वाले दिनों में भी जारी रहेंगे। हमारे लोगों में निहित यही अच्छाई हमारे समाज को जीवित रखती है और हमें आशा और सकारात्मकता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने का साहस देती है।

# 'भारत के नक्शे में उभरता छत्तीसगढ़' विषय पर शोध संगोष्ठी आयोजित




डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती समारोह अंतर्गत महाविद्यालय के कला संकाय एवं आईक्यूएसी के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई. व्ही. रेवती के निर्देशन में एक दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया।प्रथम सत्र उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शशिकांत द्विवेदी (पूर्व अध्यक्ष, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, राजनांदगांव), अध्यक्षता लक्ष्मी नारायण अग्रवाल (भूतपूर्व छात्र संघ अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि के रूप में अमित जैन (पूर्व मंडल अध्यक्ष), जसमीत सिंह बन्नोआना (मंडल अध्यक्ष, भाजपा मंडल), उमा महेश वर्मा (उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात छात्रा दीपशिखा ने राजकीय गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. ई. व्ही. रेवती ने स्वागत उद्बोधन में सेमिनार की प्रासंगिकता बताई और कहा कि छत्तीसगढ़ पर्यटन व विकास के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है।

**रजत जयंती के अवसर पर हुआ कार्यक्रम, विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए शोध पत्र**

शोध संगोष्ठी के द्वितीय सत्र तकनीकी सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. आर. के. ठाकुर (प्राचार्य, शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय, एलबी नगर), विशिष्ट अतिथि डॉ. एच. एस. भाटिया (सेवानिवृत्त प्राध्यापक, वाणिज्य), दीपक वर्मा (सहायक प्राध्यापक, इतिहास) उपस्थित रहे। सत्र का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. ई. व्ही. रेवती के स्वागत संबोधन से हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

### विद्यार्थियों ने किया शोध पत्र का वाचन

प्रमुख शोध पत्र में प्रिया जांबुलकर ने डिजिटल इंडिया एवं साक्षरता, उदय कुमार लहोटरे छत्तीसगढ़ का समग्र विकास, भानु प्रताप ने छत्तीसगढ़ का इतिहास एवं आर्थिक विकास, विकास मेश्राम ने छत्तीसगढ़ विकास यात्रा, उमेश साहू ने राज्य निर्माण पूर्व व वर्तमान आर्थिक प्रगति, तरण मेश्राम ने छत्तीसगढ़ में लोकगीतों की परंपरा, लेखराम बढ़ई ने आधुनिकता एवं प्राचीन संस्कृति, बबीता मेश्राम ने परंपरा और शिक्षा, दीपिका व स्टेफी ने महिलाओं की विकास यात्रा, महक अग्रवाल ने शिक्षा एवं कौशल विकास, मोनिका देवांगन ने महिलाओं का स्वरोजगार, शीतल वर्मा ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, जनेश्वर प्रसाद ने सामाजिक-आर्थिक विकास विषय पर शोध पत्र का वाचन किया।

### विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

शोध पत्र वाचन के आधार पर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान कु.बबीता मेश्राम (एमए अंग्रेजी प्रथम सेमेस्टर), द्वितीय स्थान जंभेश्वर कुमार तथा तृतीय स्थान उदय कुमार (एमए भूगोल तृतीय सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में प्राध्यापकगण अविनाश सिंह, जी. के. यादव एवं बेदप्रकाश साहू रहे। संगोष्ठी के अंत में संयोजक डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर ने अतिथियों व प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्रीमती नीता राजपूत ने किया।

# गोण्डवाना समाज अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ का संभागीय बैठक मोहला में आयोजित

मोहला (दावा)। गोण्डवाना समाज के अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय कार्यकारिणी का बैठक रविवार 14 सितंबर को जिला मुख्यालय मोहला में आयोजित किया गया। बैठक में गोड़ समाज के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, भृत्य, रोजगार सहायकों सहित निम्न से लेकर उच्च पदों तक के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सामाजिक संगठन का सदस्य बनाने हेतु कार्ययोजना बनाकर विशेष अभियान चलाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। जिससे कि सामाजिक विकास एवं सामाजिक हितों के कार्यों में उनकी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इसके लिए संभाग अध्यक्ष को मोहन हिड़को को इस संबंध में सभी ब्लाक अध्यक्षों को उनके ब्लाक के अंतर्गत अधिकारी-कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने के संबंध में पत्र लिखने का भी प्रस्ताव पारित किया गया है। इसके अंतर्गत सभी ब्लाक अध्यक्ष अपने अधीनस्थ सर्कल अध्यक्षों को निर्देशित कर अधिकारी-कर्मचारियों की सूची का संकलन कर उसे संभागीय समिति को सौपेंगे। बैठक में पूर्व संभागीय महासचिव तुकाराम कोर्राम, पूर्व संभागीय सचिव पूर्णानंद नेताम, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष चंद्रेश ठाकुर, कृषि विभाग के उप संचालक श्याम सिंह सेवता, श्याम लाल हिड़को, संभागीय उपाध्यक्ष मन्ने सिंह मण्डावी, कोषाध्यक्ष लखन सोरी, संभागीय ऑडिटर ओम प्रकाश कोड़ापे, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष शिव कलामे एवं अन्य समाज प्रमुख विशेष रूप से उपस्थित थे।



**समाज के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सामाजिक संगठन से जोड़ने तथा सदस्यता शुल्क का किया गया निर्धारण**

बैठक में अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा समाज के गरीब एवं वंचित वर्गों के होनहार विद्यार्थियों के मदद, कोचिंग व्यवस्था, समाज के जरूरतमंद लोगों के इलाज हेतु आर्थिक सहायता एवं समाज में व्यापार, व्यवसाय एवं स्वरोजगार हेतु गतिविधियां एवं जरूरमंद लोगों के मदद हेतु बैंक खाता खुलवाकर राशि जमा करने का भी निर्णय लिया गया। इसके लिए समाज के प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारियों के सहयोग राशि जमा कराने का भी प्रस्ताव पारित किया गया है।

# छत्तीसगढ़ रजत जयंती अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन में कला संकाय द्वारा दिनांक 11 सितंबर, गुरुवार को 'छत्तीसगढ़ विकास यात्रा के 25 वर्ष विविध आयाम' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. ई.वी. रेवती एवं इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंदी विभाग से डॉ. नीता राजपूत, डॉ. येशुकृति हजारे, सुश्री नीलम सिन्हा, डॉ. सपना परिहार तथा अंग्रेजी विभाग की सक्रिय भूमिका रही।प्रतियोगिता में बबीता मेश्राम (एम.ए. अंग्रेजी प्रथम सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान, छबिधर साहू (एम.ए. इतिहास प्रथम सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान तथा विकास मेश्राम (एम.ए. हिंदी तृतीय सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त उदय, विजय सिन्हा, धनिता यादव, अक्षत मेश्राम, अमन सेन, तेजेश्वरी पटेल, नेहा मरकाम, दीपा ठाकुर, रागिनी पडोती, दीपक साहू सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी प्रतियोगिता में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्राचार्य डॉ. रेवती ने विजेता एवं सहभागी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीता राजपूत तथा आभार प्रदर्शन वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. आशा चौधरी ने किया।

# खनिज विभाग की सुस्ती, जगह-जगह रेत भंडारण कर चल रहा कारोबार



ठेलकाडीह (दावा)। केसीजी जिले के ठेलकाडीह क्षेत्र में अवैध रेत का व्यापार बदस्तूर जारी है। यहा अवैध रेत परिवहन से लेकर जमकर नियमों को ताक में रखकर भंडारण किया जा रहा है। प्रतिदिन सैकड़ो वाहनों में रोजाना रेत परिवहन कर अवैध भंडारण को अंजाम दिया जा रहा है। आपको बता दे कि आसपास क्षेंत्र के लिए ठेलकाडीह अवैध कारोबार करने वाले माफिआओं के लिए सेफ जोन बना हुआ है। इस लिहाज से अवैध गिट्टी खनन, भंडारण, मुरम खनन सहित रेत माफियां सक्रिय है। इन माफिआओं का कारोबार पहट 4 बजे से शुरू हो जाता है। वाहनों की रफ्तार ऐसी की हम किसी से कम नहीं रहने वाले तर्ज पर दौड़ते है। ऐसा भी माना जा रहा है कि केसीजी-राजनांदगांव जिले के खनिज विभाग की मेहरबानी मानी जा रही है। इन सप्लायरों के घर के पीछे खुले मैदान सहित सड़क किनारे लाखों के रेत स्टॉक में रखा गया है। हालाकि ऐसे मामले को लेकर केसीजी कलेक्टर सहित एसडीएम सख्त बताएं जा रहे है। फिलहाल रेत के अवैध परिवहन से लेकर भंडारण कर लोगों को तीगुने दामों में बेच रहे है। ठेलकाडीह मेन रोड बंद क्रेशर के खुली जगह में लाखों के रेत का भंडारण किया गया है। इसके अलावा डूमरडीहकला मार्ग, खैरागढ़ मेन रोड सड़क किनारे रेत डंप किया गया है।

### खनिज विभाग का ढुलमुल रवैया

ठेलकाडीह क्षेंत्र में खनिज विभाग केवल खानापूर्ति तक ही सीमित है। विभाग के ढुलमुल रवैये के कारण इन पर कोई कार्यवाही नह हो पाने के कारण सब एक परंपरा या चलन सा बन गया है। कि रेत व्यापारी बेखौफ वैध- अवैध सभी हर संभव तरीकों से रेत का परिवहन व भंडारण कर जमकर अवैध कारोबार को अंजाम दे रहे है।

### 25 से 30 हजार में बिक रहा एक हाइवा

इन दिनों ठेलकाडीह क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रेत का परिवहन हो रहा है। जहां रोजाना सुबह रेत से भरी हाइवा इस मार्ग में दौड़ते रहते है। इन हाइवा में ओवरलोडिंग रेत रहता है। ये सप्लायर ठेलकाडीह सहित आसपास के गांवो में खाली जगह पर रेत डंप कर इसे क्षेंत्र के गांवों में 25 से 30 हजार तक प्रति हाइवा में बेच रहे है। इसके अलावा ट्रैक्टर ट्रलियों में सफ्लाई कर रहे है। इनका भी अलग रेट फिक्स कर रखा गया है। रेत का कारोबार करने वाले लोग धड़ल्ले से बेच रहे है। लेकिन खनिज विभाग कभी भी यहा जॉच नहीं करता कि भंडारण का लाइसेंस है कि नही यह एक बड़ा सवाल है।

### कारोबारी काट रहे चांदी, लूटे जा रहे जरूरतमंद

आशियाना बनाने और अन्य निर्माण कार्य करा रहे लोगों को रेत कारोबारियों द्वारा लोगों को खुलेआम लूटा जा रहा है। बिना अनुमति के कई जगहों रेत डंप कर निर्धारित दर से दो से तीन गुणा अधिक कीमत पर रेत बेची जा रही है। खनिज विभाग व राजस्व विभाग की खामोशी का फायदा उठाते कारोबारी चांदी काट रहे है। और जरूरतमंद लोग खुलेआम लुटे जा रहे है।

# राजनीति विज्ञान द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई. व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन में राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा 15 सितंबर को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप जांबुलकर एवं प्राध्यापिका अनिमा मिंज के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप जांबुलकर ने वृक्षारोपण के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण, वायु प्रदूषण को कम करने और हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। इसी क्रम में प्राध्यापिका अनिमा मिंज ने वृक्षारोपण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण जैव विविधता को बढ़ावा देता है, क्योंकि वृक्ष विभिन्न प्रकार के जीव-जंतुओं के लिए आवास उपलब्ध कराते हैं।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में राजनीतिक विज्ञान विभाग के एम.ए. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# हायर सेकेंडरी तिलईरवार में हिन्दी दिवस मनाया गया



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में बड़े ही धूमधाम से हिन्दी दिवस का कार्यक्रम उत्साह पूर्वक के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती की तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर, गुलाल टीका लगाकर प्राचार्य महोदय एवं समस्त स्टॉफ सदस्यों के द्वारा किया गया।

# विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने बढ़ईटोला में बाजार शेड का किया भूमिपूजन



**मेरी प्राथमिकता डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास है - विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल**

डोंगरगढ़(दावा)। डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बढ़ईटोला में एक महत्वपूर्ण विकास कार्य का शुभारंभ हुआ। स्थानीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने गांव में बनने वाले बाजार शेड का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उनका बाजे-गाजे और पारम्परिक राउत नाचा के साथ भव्य स्वागत किया, जिससे पूरा माहौल उत्सवमय हो गया।

बढ़ईटोला के ग्रामीणों ने अपनी खुशी और उत्साह का प्रदर्शन करते हुए विधायक का स्वागत किया। इस दौरान पारंपरिक वेशभूषा में सजे ग्रामीणों ने राउत नाचा प्रस्तुत किया, जो छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा है। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने ग्रामीणों के इस स्नेहपूर्ण स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया।

भूमिपूजन के बाद आयोजित सभा में विधायक बघेल ने कहा कि यह बाजार शेड ग्रामीणों की एक पुरानी मांग थी, जिसके पूरा होने से उन्हें काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा, ÷यह बाजार शेड न सिर्फ व्यापारियों को बारिश और धूप से बचाएगा, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगा। यह स्थानीय किसानों और कारीगरों को अपने उत्पादों को बेहतर तरीके से बेचने का एक मंच प्रदान करेगा। विधायक ने आगे कहा कि उनकी प्राथमिकता डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास है, और वे इसके लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों जैसे सड़क निर्माण, बिजली, पानी और शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इन विकास कार्यों में सहयोग करें ताकि डोंगरगढ़ को एक विकसित और समृद्ध क्षेत्र बनाया जा सके।

उक्त कार्यक्रम में श्रीमती भुनेश्वरी जीवन देवांगन (सभापति जिला पंचायत केसीजी) श्रीमती डीलेश्वरी श्यामसुंदर साहू, (सभापति सहकारिता समिति जनपद पंचायत खैरागढ़), कोमल साहू (अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुड़पार), मुरली सिंह वर्मा (पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत खैरागढ़), सूरीतराम वर्मा (सेक्टर अध्यक्ष झींकादाह), उमेंद्र वर्मा (पूर्व अध्यक्ष युवा कांग्रेस मुढ़ीपार), तामेश्वर वर्मा (उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस मुढ़ीपार), योगेश कुमार वर्मा (सरपंच बढ़ईटोला) देवेंद्र साहू, श्यामसुंदर साहू, पूर्व सरपंच ज्ञानदास साहू (सचिव) हेमंत साहू ग्राम रूसे, रामपाल एवं समस्त पंचगण ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बोईरडीह में मातृ नवमी के उपलक्ष्य में न्योता भोज



हरदी (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोईरडीह में मातृ नवमी के उपलक्ष्य में शाला अध्यक्ष डिगाम दास साहू द्वारा सभी बच्चों को व शाला विकास समिति के सभी सदस्यों को न्योता भोज कराया गया जिसमें शाला के सभी बच्चे, सरपंच अंकालू राम सहारे, पंच दिलीप कुमार साहू, प्राथमिक शाला के टीचर गांव के गणमान्य व्यक्ति व शाला के प्रधान पाठक बलराम करसेल, हिलेश्वर कुमार साहू, नीलिमा वैष्णव व तुलसा लोनहारे मैडम उपस्थित थे।

# राख में तब्दील हुआ आशियाना, उम्मीद बनी संत रामपाल की अन्नपूर्णा मुहिम



खैरागढ़ (दावा)। आगजनी की घटना में एक महिला की घर जलकर राख हो गई। इस घटनाक्रम से महिला घर से बेघर हो गई। ब्लॉक के दपका गांव में आगजनी की घटना ने एक विधवा महिला का आशियाना छीन लिया। बीते रविवार शाम स्व. महेश निषाद की पत्नी आशा का झोपड़ीनुमा घर अचानक आग की चपेट में आ गया। देखते ही देखते पूरा घर राख में तब्दील हो गया और कपड़े, बर्तन, अनाज, चावल सहित सबकुछ जलकर खाक हो गया। उस समय आशा अपने मामा के घर और बच्चे खेलकूद में व्यस्त थे।

महेश निषाद का दो साल पहले कैंसर से निधन हो चुका है, जिसके बाद से बच्चों की परवरिश और रोजी-रोटी की जिम्मेदारी पूरी तरह आशा पर थी। मजदूरी करके बच्चों को पढ़ाने वाली आशा के लिए आगजनी दोहरी मार साबित हुई। घटना की जानकारी मिलते ही संत रामपाल महाराज के अनुयायी दपका पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मिलकर स्थिति का जायजा लिया और अगले दिन अन्नपूर्णा मुहिम के तहत राहत सामग्री पहुंचाई।। इसमें राशन, बर्तन, ओढ़ने-बिछाने की चादर, तकिया, पलंग, जूते-चप्पल, गैस सिलेंडर, चूल्हा, पंखा और दो-दो जोड़ी कपड़े सहित दैनिक जीवन की आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं।

### केशरी कमल नेताम ग्राम सरपंच ने कहा अन्नपूर्णा मुहीम जीवन जीने की मूलभूत सुविधाएं

ग्राम सरपंच केशरी कमल नेताम ने कहा कि अन्नपूर्णा मुहिम जीवन जीने की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का सराहनीय प्रयास है। संत रामपाल की कृपा और अनुयायियों की सेवा भावना से आशा निषाद और उनके बच्चों को बड़ी राहत मिली। इस अवसर पर अनुयायी दुष्यंत साहू, बरसाती पटेल, चंद्र कुमार वर्मा, गांधी मानिकपुरी, राजेश वर्मा, भुनेश्वर साहू सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

# महाविद्यालय गंडई में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत



गंडई पंडरिया (दावा)। शासकीय महाविद्यालय गंडई में शनिवार को नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न कोर्सो, राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वीप कार्यक्रम, रेड रिबन क्लब ,रेड क्रॉस सोसायटी, ईको क्लब, विभिन्न साँस्कृतिक गतिविधियों एवं खेलकूद कार्यक्रमों से अवगत कराया तथा उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ व्यक्तित्त्व निर्माण एवं सफलता प्राप्ति के लिए प्रेरित किये। इस अवसर पर विभिन्न खेलों व गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बी.ए., बी.एस.सी. एवं बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में फ्रेशर का चयन भी किया गया। जिसमे पीयूष रजक, किरण जायसवाल, लेखराज, कृतिका पटेल, आफरीन खान, उत्तम साहू, रूपाली देवांगन, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जोया खान (बी.एस.सी. एवं अल्का (बी.एस.सी. तृतीय वर्ष) के द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

# आत्म निर्भर भारत स्वरोजगार प्रशिक्षण हेतु नि:शुल्क कोचिंग क्लास के बच्चे पहुंचे राजधानी रायपुर

डोंगरगांव (दावा)। स्टार्ट अप इंडिया स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग क्लास के 30 बच्चे कृषक प्रशिक्षण केंद्र लभान्डी, रायपुर में सम्मिलित हुए।



पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आयोजित दो दिवसीय घरेलू उत्पाद हर्बल साबुन, फिनायल, वाशिंग पाउडर बनाने की विधि एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त करने अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक यशवंत साहू, संगठन सचिव माधव साहू, शिक्षक भीष्म चंद्राकर, सलाहकार चंद्रभूषण साहू के कुशल नेतृत्व में बच्चों ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। कृषक प्रशिक्षण केंद्र के निर्देशक तुषार सरोटे एवं मास्टर ट्रेनर श्रीमती जागृति साहू ने लाभदायक जानकारियां दीं।

सभी प्रशिक्षणार्थी छ.ग. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया। उन्होंने बच्चों को और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। बच्चों ने विगत तीन वर्षो से संचालित निःशुल्क कोचिंग क्लास के लिए 85 इंच डिजिटल बोर्ड की मांग की, जिस पर श्री सिंह ने सहर्ष अपनी सहमति प्रदान की।

जिला साहू संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष भागवत साहू, महामंत्री नीलमणि साहू, कोषाध्यक्ष नोबल साहू, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र साहू, नगर अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला सलाहकार परदेशी राम साहू, संभागीय संयोजक रूपेश साहू, अनिल साहू , मिलन साहू, राघवेंद्र साहू, तिजेंद्र साहू, भोज गंजीर, हृदय हिरवानी, पवन साहू, हेमनाथ साहू, डॉ.चेतन साहू, भगवती साहू, छन्नूलाल साहू, लविंद्र साव, लीना साहू, खिलेश्वरी साहू, दुर्गा हिरवानी कुंजबिहारी साहू आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

# वनांचल के होनहारों ने बढ़ाया मान सेजेस साल्हेवारा के दो खिलाड़ी राष्ट्रीय फेंसिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित



गंडई पंडरिया (दावा)। साल्हेवारा, वनांचल क्षेत्र के लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है, जब साल्हेवारा स्थित सेजेस विद्यालय के दो प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (फेंसिंग-तलवारबाजी) में शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होकर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

वनांचल के होनहारों ने बढ़ाया मान सेजेस साल्हेवारा के दो खिलाड़ी राष्ट्रीय फेंसिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित साल्हेवारा, वनांचल क्षेत्र के लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है, जब साल्हेवारा स्थित सेजेस विद्यालय के दो प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (फेंसिंग-तलवारबाजी) में शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होकर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

भावना झारिया-कक्षा 9वीं (हिंदी माध्यम) शनि शुक्ला-कक्षा 8वीं (अंग्रेजी माध्यम) इन दोनों खिलाड़ीयों का चयन महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय फेंसिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इन खिलाड़ियों को यह सफलता दिलाने में कोच अजय कुमार एवं पी.टी.आई. जनक लाल साहू का विशेष योगदान रहा। इन्होंने खिलाड़ियों को 'विकल्प रहित संकल्प' के साथ निरंतर परिश्रम और पुरुषार्थ की प्रेरणा दी, जिसका परिणाम आज सबके सामने है।

खेलों के साथ संस्कारों की परंपरा भी मजबूत शनि शुक्ला एक प्रतिष्ठित परिवार से आते हैं पिता दिलीप शुक्ला (अधिवक्ता व पत्रकार) इन खिलाड़ियों के साल्हेवारा लौटने पर विद्यालय और समस्त वनांचल क्षेत्र में गर्व और उत्सव का माहौल देखा गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें खिलाड़ियों को मंच पर आमंत्रित कर फूलमालाओं और सम्मान पत्रों से सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों की उपलब्धि न सिर्फ विद्यालय के लिए बल्कि पूरे वनांचल क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गई है। ये प्रतिभाएँ अब राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# नि:शुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर में गंभीर बीमारी के मरीजों का ईलाज कर चिकित्सकों ने की अमूल्य सेवा : विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह



○ स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का हुआ शुभारंभ
○ प्रदेश के विशेषज्ञ चिकित्सक के साथ ही जिले के चिकित्सकों ने दी अपनी अमूल्य सेवाएं, नि:शुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर में 2056 मरीजों का किया ईलाज

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा के तहत भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा राजनांदगांव द्वारा भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में नि:शुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया तथा स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज सृष्टि के निर्माता भगवान विश्वकर्मा का जन्मदिवस है एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन भी है, जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दिया है। उन्होंने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन राजनांदगांव के लिए ऐतिहासिक एवं यादगार है। नि:शुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर में गंभीर बीमारी के मरीजों का ईलाज कर चिकित्सकों ने अमूल्य सेवा दी है। नि:शुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर में कार्डियोलॉजिस्ट, न्यूरोसर्जन, रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन, ऑर्थोपेडिक एण्ड जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन, न्यूरोलॉजिस्ट, यूरोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट, ऑन्कोलॉजिस्ट, मेडिसिन विशेषज्ञ सहित प्रदेश के विशेषज्ञ चिकित्सक के साथ ही जिले के चिकित्सकों ने अपनी अमूल्य सेवाएं दी है। प्रदेश से आए 18 एवं जिले से 12 कुल 30 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी है। उन्होंने कहा कि नि:शुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर में 2056 मरीजों ने अपना पंजीयन कराया था। मरीजों को ईलाज के साथ आयुष्मान कार्ड, दवाईयां एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुझाव दिए गए। वही सीआरसी के स्टॉल में दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण दिए गए है। दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं पढ़ाई के लिए सीआरसी एक अद्भुत केन्द्र है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में भारतीय रेडक्रास सोसायटी, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, डीन, पैरामेडिकल स्टॉफ, वालेंटियर्स एवं नर्सिंग स्टॉफ, मेडिकल विद्यार्थियों सभी के सहयोग से नि:शुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर का अच्छा आयोजन किया गया है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि शिविर की सफलता इस बात में है कि मरीजों का ईलाज करने के बाद उनका फॉलोअप लेते हुए अंतिम निराकरण के लिए कार्य योजना बनाएं। उन्होंने कहा कि हृदय रोग के मरीजों को आगे के ईलाज के लिए रिफर भी किया जाएगा। आज के शिविर में 8 मरीजों को अभी पता चला की उन्हें हृदय रोग की बीमारी है। इसी तरह किडनी तथा मधुमेह व मोतियाबिंद के मरीजों को यह जानकारी नहीं थी कि उन्हें यह बीमारी है। दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को जिन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिलती है। उनके लिए यह शिविर महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसे मरीजों का जो गंभीर बीमारी से ग्रस्त है, उन्हें रायपुर या उच्च केन्द्रों में शत-प्रतिशत ईलाज कराएंगे।

प्रदेश अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी श्री तोमन साहू ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर कोटि-कोटि बधाई दी। भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा आयोजित नि:शुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि सेवा ही हमारा धर्म है और सेवा कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है, प्रदेश को आगे बढ़ाना है। पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दृढनायक, समर्पित राष्ट्रभक्त एवं प्रेरणास्त्रोत है। यह कामना है कि वह दीर्घायु रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय रेडक्रास सोसायटी विभिन्न क्षेत्रों में मानव सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। शिविर के माध्यम से जनसामान्य को आज इसका लाभ मिला है।

कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी राजनांदगांव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से नि:शुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में 2051 मरीजों ने अपनी स्वास्थ्य जांच की सुविधा ली है। प्रतिष्ठित विशेषज्ञ चिकित्सकों के मार्गदर्शन में मरीजों का ईलाज किया गया है। कुल 30 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी है। कार्डियोलाजी के लिए ईको मशीन, एक्स-रे मशीन भी उपलब्ध था। आईएमए ने 10 लाख रूपए दी दवाईयां देकर सहयोग किया गया है। राम रसोई ने 3 हजार लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की। रेडक्रास के 50 वालिंटियर्स, नर्सिंग स्टॉफ, मेडिकल विद्यार्थी सहित सभी का सहयोग रहा।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नि:शुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर में अपनी अमूल्य सेवाएं देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। उन्होंने स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के लिए जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित जनसंपर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ कर अवलोकन किया।

इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल, अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल योगेश दत्त मिश्रा, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू, कोमल सिंह राजपूत, रमेश पटेल, खूबचंद पारख, राजेन्द्र गोलछा, पार्षद वार्ड नंबर 20 कुलेश्वर ध्रुव, भरत वर्मा, सुमीत उपाध्याय, डीन मेडिकल कालेज डॉ. पंकज लुका, अधीक्षक शासकीय मेडिकल कालेज डॉ. अतुल देशकर, उप अधीक्षक मेडिकल कालेज डॉ. पवन जेठानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, डिप्टी कलेक्टर प्रकाश टंडन, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी सहित भारतीय रेडक्रास सोसायटी सदस्य, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य, पैरामेडिकल स्टॉफ, वालेंटियर्स एवं नर्सिंग स्टॉफ, मेडिकल विद्यार्थी, मरीज एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि शिविर में 12 विशेष पंजीयन काउंटर बनाए गए थे। पंजीयन पश्चात मरीज की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से की गई जिसमें पेट रोग के 118, न्यूरो के 108, हड्डी रोग के 178, शिशु हृदय रोग के 19, शिशु रोग के 72, हृदय रोग के 86, मेडिसिन हाइपरटेंशन एवं शुगर के 202, किडनी रोग के 55 अन्य रोग के 228 इस प्रकार कुल 1066 विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का चिनांकन किया गया साथ ही 1090 अन्य विभागों के मरीज का पंजीयन किया गया।

## विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पीएम के जीवन पर आधारित जनसंपर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी का किया अवलोकन

0 फोटो प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की खुबसूरत झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक दिखाई दी

0 फोटो प्रदर्शनी का बड़ी संख्या में नागरिकों ने किया अवलोकन

0 जनसंपर्क विभाग की पत्रिका जनमन का किया गया नि:शुल्क वितरण



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में प्रधानमंत्री जी के जीवन पर आधारित फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री जी के जीवन पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ कर अवलोकन किया। जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जीवन पर आधारित फोटो प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र रहा। जनसंपर्क विभाग द्वारा फोटो प्रदर्शनी में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की खुबसूरत झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक दिखाई दी। फोटो प्रदर्शनी का बड़ी संख्या में नागरिकों ने अवलोकन किया। इस दौरान जनसंपर्क विभाग की पत्रिका जनमन का नि:शुल्क वितरण भी किया गया।

उल्लेखनीय है कि जनसंपर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बचपन, पाठशाला, माँ से मिला ईमानदारी का संस्कार, हिमालय की गोद में, गांव एक तो लोगों में भेद क्यों, एक पेड़ माँ के नाम देश की हर माँ को हरित सम्मान, कर्म के प्रति समर्पण, एक मेहनती कार्यकर्ता एक कुशल संगठनकर्ता, जनभागीदारी जन-जन की सामूहिक हिस्सेदारी, ऐसा साहस जो करे उसी का नाम नरेन्द्र, देश की सेवा कैसे करूं-कहां से शुरू करूं, कलम कविता कला करूण, शिक्षा का एक नया अध्याय, डिजिटल हुई पहचान डिजिटल से भुगतान डिजिटल से जीवन आसान, अंतरिक्ष शक्ति, मेरे देश के जवान तुझको शत-शत प्रणाम, आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब, महामारी के दौरान भी न थमा सुधारों का दौर, भारत का संकल्प रक्षा बलों का कायाकल्प, छत्तीसगढ़ को मिली सौगात, देशभक्ति की शक्ति, हर गरीब के सिर पर हो अपनी छत, जब दुनिया देती है प्रधानमंत्री को सम्मान बढ़ जाती है भारत की शान युवा नमों जीवन एक खोज सहित विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कोमल सिंह राजपूत, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, संयुक्त संचालक जनसंपर्क डॉ. उषा किरण बड़ाईक सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।





राजनांदगांव (दावा)। आज स्टेट हाईस्कूल में वन विभाग के सहयोग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। जिसमें प्राचार्य हेमंत सिंह, शिक्षकों, छात्रों एवं वन विभाग के अधिकारियों ने पौधरोपण किया।

## सोमनी पुलिस ने 600 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। सोमनी पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में एक गांजा बेचने वाले आरोपी को 600 ग्राम गांजा व बिक्री की रकम 950 रुपए व एक नग मोबाइल के साथ धर दबोचा है। आरोपी के विरुद्ध धारा-20 (ख) (।।)(ए) एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया है। सोमनी थाना प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने आरोपी का नाम नरोत्तम चौधरी पिता भूषण लाल चौधरी उम्र 35 वर्ष निवासी कोंदोगुड़ा थाना बलौदा जिला महासमुंद, हाल-सनसाईन कन्वेयर कंपनी लेबर क्वाटर सांकरा बताया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि बुधवार 17 सितंबर को मुखबीर से सूचना मिली कि सनसाईन कन्वेयर कपंनी सांकरा के लेबर क्वाटर में रहने वाला नरोत्तम चौधरी अपने क्वाटर के पास मैदान मे गांजा जैसा मादक पदार्थ को पुड़िया बनाकर ग्राहकों को विक्रय कर रहा है। इस सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर उनके निर्देश व मार्गदर्शन मे सोमनी पुलिस का टीम गठित कर मुखबीर में बताये स्थान सनसाईन कन्वेयर कपंनी सांकरा के लेबर क्वाटर के पास मैदान में पहुंचने पर वहां एक व्यक्ति मिला जो अपने हाथ में पॉलिथीन रखा हुआ था।

आरोपी पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसके घेराबंदी कर पकडा गया, जो अपने पास पॉलिथिन रखा था। जिसे खोल के देखने पर गांजा जैसे मादक पदार्थ खुला एवं कागज की पुड़िया कुल-600 ग्रा. मादक पदार्थ गांजा किमती करीबन 6000 रू. एवं तलाशी लेने पर गांजा बिक्री रकम नगदी 950 रू. मिला तथा एक नग मोबाईल फोन कीमती 12000 रूपये कुल जुमला किमती 18,950 रू. मिला। आरोपी नरोत्तम चौधरी के खिलाफ अपराध धारा-20(ख)(।।)(ए) एन.डी.पी.एस. एक्ट का घटित करना पाया जाने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

## जयंती महोत्सव में प्रतिभाओं को मिल रहा है प्रोत्साहन, आज अग्रसेन आनंद मेला



राजनांदगांव (दावा)। श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों में विभिन्न प्रतिभाओं को मंच और सम्मान मिल रहा है। इसी क्रम में आज यानी गुरुवार 18 सितंबर को शिवनाथ वाटिका में अग्रसेन आनंद मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले का उद्घाटन शाम 6 बजे मुख्य अतिथि सुनील रामकरण अग्रवाल और श्रीमती शोभादेवी कमल नारायण अग्रवाल करेंगे।

### पर्यावरण संरक्षण की थीम पर ग्रीन फेस्ट

अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया ने बताया कि इस बार मेले की थीम प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण है, जिसे ग्रीन फेस्ट का नाम दिया गया है। मेले के स्थल को इसी संदेश के अनुरूप जंगल और हरियाली से सजाया गया है। मेले का मुख्य आकर्षण हाऊजी, कपल गेम्स, मिकी माऊस और ट्रेम्पोलिन जैसे मनोरंजक खेल होंगे। इसके अलावा, बेहतरीन स्टॉल सजावट और घर पर बने स्वादिष्ट पकवानों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

### बाइक रैली से होगा आगाज

मेले से पहले अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन और अग्रवाल नवयुवक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में एक बाइक रैली निकाली जाएगी। यह रैली अग्रसेन भवन से शुरू होकर शहर का भ्रमण करेगी और शिवनाथ वाटिका में समाप्त होगी। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारियों ने शहरवासियों से मेले में शामिल होने और इन कार्यक्रमों का आनंद लेने की अपील की है।

### प्रतियोगिता के परिणाम

महिला मंडल द्वारा-सूखे खड़े मसाले से ज्वेलरी बनाओं में प्रथम सिमरन ईशान गोयल, द्वितीय हिना मयंक अग्रवाल व प्रिंसी रजत अग्रवाल, रागी के मीठे व्यंजन में प्रथम प्रियांशी राकेश अग्रवाल, द्वितीय ऋचा यश अग्रवाल व मेघा उत्सव अग्रवाल, अग्रसेन जी की मुकुट सजाओ में प्रथम ज्योति सुशील अग्रवाल, द्वितीय नितिशा नितीन अग्रवाल व शशि राजेश खोखरिया, राणी सती दादी की आकृति में प्रथम रश्मि विकास अग्रवाल, द्वितीय प्रिंसी रजत अग्रवाल व साक्षी विनय अग्रवाल, 1 मिनट गेम्स मेंं प्रथम, पुष्पा सुभाष अग्रवाल, द्वितीय बुलबुल राम अग्रवाल, लक्की ड्रॉ में मेघा उत्सव अग्रवाल, नवयुवक मंडल द्वारा नींबू दौड़ (किड्स) प्रथम अथर्व अग्रवाल, द्वितीय मानवी अग्रवाल, नींबू दौड़ (जूनियर) प्रथम हर्षिता अग्रवाल व द्वितीय रित अग्रवाल, नींबू दौड़ (सीनियर) प्रथम अनिता शरद अग्रवाल, द्वितीय नीति अग्रवाल, लूडो (किड्स) प्रथम अभिमन्यु अग्रवाल, द्वितीय आरव अग्रवाल, लूडो (जूनियर) प्रथम आध्या अग्रवाल, द्वितीय रित अग्रवाल, लूडो (सीनियर) प्रथम कुसुम अग्रवाल, द्वितीय रमा अग्रवाल रही। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने दी।

## नशीली पदार्थ की बिक्री में लगे पांच आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चिखली चौकी क्षेत्र में पुलिस ने नशीली पदार्थ की अवैध बिक्री करने वाले पांच आरोपियों को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ़ धारा 36 च, व 36 सी आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। कोतवाली थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैषाली जैन (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में उनके थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों अवैध गांजा, शराब, नशीले पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### चिकन चिली सेंटर में परोसे जा रहे थे शराब

इसी क्रम में 16 सितंबर को मुखबीर की सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर घटना स्थल नगर निगम कार्यालय के सामने चिकन चिल्ली सेंटर में आरोपी अरविंद रगडे पिता ईतवारी रगडे उम्र 34 साल निवासी वार्ड नं. 12 सोलह खोली स्टेशन पारा ओ.पी. चिखली द्वारा लोगो को शराब पीने का सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा था एवं घटना स्थल स्टेट स्कूल मैदान में संदीप सिंह पिता प्रदीप सिंह सेवते उम्र 36 साल वार्ड नं.11 सोलह खोली स्टेशन पारा ओपी चिखली, दीपक भारती पिता संतोष भारती उम्र 24 साल निवासी वार्ड नं. 39 नंदई चौक थाना बसंतपुर, शुभम यादव पिता कन्हैया यादव उम्र 25 साल निवासी वार्ड नं. 43 बंगाली चाल बसंतपुर, जय कुमार पिता संतराम सतनामी उम्र 30 साल निवासी वार्ड नं. 14 स्टेशन पारा ओ.पी. चिखली द्वारा अवैध रूप से सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करते पाये जाने पर पृथक-पृथक धारा 36(सी), 36(च) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक श्री सिंह सहित प्र.आर. बृजमोहन यादव, आरक्षक लिलेन्द्र पटेल, राजेश साहू एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## सेवा पखवाड़ा : पीएम आवास योजना-शहरी अंतर्गत नये आवास में सम्मान के साथ सभी हितग्राही करेंगे गृह प्रवेश - डॉ. रमन



○ विधानसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 अंतर्गत आयोजित अंगीकार 2025 एवं आवास मेला कार्यक्रम में की शिरकत
○ 7730 आवासों का निर्माण पूर्ण, 337 नवीन आवास स्वीकृत

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज गांधी सभागृह राजनांदगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 अंतर्गत आयोजित अंगीकार 2025 एवं आवास मेला कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सभी को भगवान विश्वकर्मा जयंती एवं देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी अंतर्गत 7956 आवासों की स्वीकृति दी गई थी। जिसमें से 7730 आवासों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। पूर्ण आवास की राशि हितग्राहियों के खाते में अंतरित की गई है। नये आवास में सम्मान के साथ आज सभी हितग्राही गृह प्रवेश करने जा रहे है। उन्होंने सभी हितग्राहियों को नये आवास के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया एवं गृह प्रवेश कराया। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

महापौर मधुसूदन यादव ने भगवान विश्वकर्मा जयंती की सभी हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने आवास योजना के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र मिलने एवं एवं गृह प्रवेश के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी अंतर्गत 337 नवीन आवास स्वीकृत किए गए है। इसके पहले 7730 आवास पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आवास निर्माण कार्य को गति मिली है। इस दौरान सभी ने स्वच्छता की शपथ ली।

## कांग्रेस वोट चोर, झूठ बोलने के लिए माफी मांगे - भाजपा नेता अशोक चौधरी



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा नेता अशोक चौधरी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि कांग्रेस पार्टी देश को गुमराह करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस स्वयं सभी अवगुणों से भरी हुई है और देश भर में गलत विचारों को बढ़ावा देती है। चौधरी ने इस बात का उदाहरण देते हुए कहा कि हाल ही में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री डार ने यह साफ किया कि भारत ने सीजफायर के मामले में मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। जैसा कि पहले अमेरिकी सरकार ने भी कहा था। इससे यह साबित होता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप झूठे थे।

अशोक चौधरी ने कहा कि अब इस मुद्दे पर राहुल गांधी को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे वोटचोर के नारे पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वे डंके की चोट पर कहते हैं कि हिंदुस्तान और छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस के सभी झूठ को जान चुकी है। चौधरी ने कहा कि वोट चोर, गद्दी छोड़ के नारे लगाने के लिए राहुल गांधी और कांग्रेस के सभी नेताओं को आगे चलकर माफी मांगनी पड़ेगी।

चौधरी ने कहा कि राजनांदगांव की जागरूक जनता कांग्रेस की धोखेबाजी से पूरी तरह वाकिफ है और उनके झूठे प्रचार से गुमराह नहीं होने वाली। उन्होंने 1975 में रायबरेली से प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर लगे वोट चोरी के आरोपों का जिक्र करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में आदेश जारी किया था। जिससे यह साबित होता है कि कांग्रेस प्रमाणित वोटचोर है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह कांग्रेस वोट देने वाली जनता का भी अपमान कर रही है। चौधरी ने विश्वास जताया कि आने वाले चुनावों में कांग्रेस का पूरी तरह सफाया हो जाएगा।

किराये से देना है
1 BHK, 1 BHK
1st फ्लोर रूम
रेंट पर देना है।
Near the D mart
महाकाल मंदिर के पास।
-: संपर्क :-
मो.- 7000180368




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com